77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

सोमवार, 26 जनवरी 2026

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

26th JANUARY

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार और पांच पर

सुविचार : धर्म कहता है मन सच्चा और दिल अच्छा हो तो हर रोज सुख होगा।






## अर्थव्यवस्था व सेहत पर घातक असर

दावोस में हाल ही में संपन्न वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भारतीय अर्थव्यवस्था की चर्चा के दौरान यह बात शिद्दत से उठी कि भारत पर ट्रंप के टैरिफ के मुकाबले प्रदूषण ज्यादा घातक असर दिखा रहा है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर और आईएमएफ की पूर्व डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ ने इकोनॉमिक फोरम में चर्चा के दौरान कहा कि व्यापार बढ़ाने की कवायद में अकसर व्यापारिक बाधाओं और नियमों की बात की जाती है, लेकिन आर्थिक तरक्की में बाधक प्रदूषण जैसे घटकों की चर्चा कम ही होती है। चर्चा में भारत में प्रदूषण की भयावहता का जिक्र करते हुए कहा गया कि भारत पर ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के मुकाबले प्रदूषण का असर ज्यादा घातक व दूरगामी है। फोरम में साल 2022 में विश्व बैंक के एक अध्ययन का हवाला दिया गया कि भारत में हर साल सत्रह लाख लोगों की मौत प्रदूषण से हो जाती है। ये आंकड़ा भारत में मरने वालों का अट्ठारह फीसदी बैठता है। जो कहीं न कहीं आर्थिक गतिविधियों को बाधित करने के साथ ही बहुमूल्य जीवन भी लीलता है। कमोबेश यह घातकता जीडीपी पर भी असर डालती है। निस्संदेह, प्रदूषण से होने वाली मौतों से केवल एक परिवार ही नहीं, पूरे देश पर प्रभाव पड़ता है। देश की श्रम शक्ति का ह्रास होता है और आर्थिकी पर दूरगामी प्रभाव होते हैं। वहीं आर्थिकी पर चर्चा के दौरान यह मुद्दा भी उठा कि प्रदूषण के चलते निवेशकों के भरोसे पर भी दुष्प्रभाव होता है। इससे निवेशकों का आकर्षण कम होता है। निस्संदेह, निवेशक के मन में भय होता है कि यदि वह इसी प्रदूषित वातावरण में रहता है तो यह उसके लिये यह घातक हो सकता है। इसमें दो राय नहीं कि प्रदूषण की भयावह स्थिति दुनिया में किसी भी देश की छवि को नुकसान जरूर पहुंचाती है। जिससे निवेशक बेहतर विकल्प की तलाश में अन्य देशों का रुख कर सकते हैं। ऐसे में प्रदूषण के संकट को युद्धस्तर पर निपटाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

निस्संदेह, भारत में प्रदूषण का संकट एक यथार्थ है। यह भी हकीकत है कि देश के नीति-नियंता प्रदूषण संकट के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आते। जब-जब प्रदूषण संकट गहराता है तो आग लगने पर कुआं खोदने की कवायद की जाती है। कोर्ट की फटकार व नियामक एजेंसियों की सख्ती के बाद शासन-प्रशासन हरकत में आता है। लेकिन गीता गोपीनाथ के तर्कों के कुछ अर्धसत्य भी हैं। इसमें दो राय नहीं कि अमेरिका के इशारे पर काम करने वाली वैश्विक एजेंसियां विकासशील देशों को लेकर अपनी सुविधा के हिसाब से प्रतीक-प्रतिमान गढ़ती रही हैं। आईएमएफ जैसी संस्थाओं को अमेरिकी कूटनीति के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। यहां तक कि इन संस्थाओं में उच्च पदों पर बैठे भारतीय अधिकारी भी अमेरिका के सुरों में गाते नजर आते हैं। सवाल गोपीनाथ के बयान के समय का भी है जब अमेरिका न केवल भारत पर अन्यायपूर्ण टैरिफ लगा रहा है बल्कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते को भी अपनी शर्तों के अनुरूप अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है। बहरहाल, इसके बावजूद यह एक हकीकत है कि हमारे देश में प्रदूषण संकट बड़ा है, जिसे देश के नीति-नियंता गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिसके चलते करोड़ों भारतीयों को अपनी जमा-पूंजी अपने व परिवार के उपचार में खर्च करनी पड़ती है। निस्संदेह, प्रदूषण के खिलाफ युद्ध स्तर पर कार्रवाई करने की जरूरत है। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कानूनों को सरल बनाने की भी जरूरत है ताकि उन पर अमल आसानी से हो सके। इसके अलावा लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि देश की आबोहवा सुधारने के लिये उन्हें भी कुछ त्याग करने होंगे। उन्हें अपनी विलसिता की जीवन शैली में बदलाव लाकर आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुधारना होगा। निश्चित रूप से प्रदूषण को आर्थिक चुनौती के रूप में भी देखने की जरूरत है। खासकर जब भारत खुद को वैश्विक आर्थिक और विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिये प्रयासरत है। हमारा मकसद हो कि हमारे शहर स्वच्छ रहें और नागरिकों के लिये जीवन परिस्थितियां स्वास्थ्य के अनुकूल हों।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 जनवरी, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ शुक्लपक्ष अष्टमी, 21:15 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 12:30 तक, योग : साध्य, 09:03 तक, सूर्योदय: 06:18, सूर्यास्त: 17:19, चन्द्रोदय : 10:55, चन्द्रास्त: 24:30, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 07:43 से 09:05

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है। आज प्रथम प्रमुख केन्द्र तन लक्ष्मी भाव में चन्द्रमा का प्रबल योग बन रहा है।

**वृष :** वृष राशि के जातकों का ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है।

**मिथुन :** आज आपका दिन काफी रचनात्मक रहने वाला है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वहीं करने को मिलेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का दिन काफी सृजनात्मक रहने वाला है। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे और महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

**सिंह :** आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन आपको धर्म-अध्यात्म के बीच पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना अच्छा होगा। रात्रि मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को अपने व्यवहार में संयम व सावधानी बरतनी होगी। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए दिन आपके लिए लाभकारी रहेगा। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों की आर्थिक स्थिति काफी मजबूत दिख रही है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। ऐसे में कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं।


**धनु :** धनु राशि के लिए दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठायें तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं।

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए सोमवार की दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को आपके स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतनी होगी। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खानपान में लापरवाही न बरतें। हर काम सोच समझ कर करें।

**मीन :** मीन राशि के लोगों का दिन लाभकारी रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है।

# हम भारत के लोग और हमारा सतत दायित्व



राजनाथ सिंह
केन्द्रीय रक्षा मंत्री

भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 16 मई 1952 को पहली लोकसभा को संबोधित करते हुए, संसद सदस्यों को उनके लोकतांत्रिक दायित्वों की गंभीरता का स्मरण कराया था। उन्होंने स्पष्ट किया था कि संविधान के लागू होते ही, राष्ट्रपति के निर्वाचन और पहले आम चुनाव के साथ स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक यात्रा का प्रथम चरण पूरा हो चुका है और देश अब ऐसे दूसरे चरण में प्रवेश कर रहा है, जिसमें कोई विराम नहीं होगा। उनके अनुसार दूसरे चरण की लोकतान्त्रिक यात्रा तभी सफल होगी जब राज्य और शासन व्यवस्था जन-आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए पूरी तरह समर्पित होगा।

हमारे संविधान निर्माताओं ने शासन व्यवस्था के केंद्र में इस नैतिक दायित्व को स्थापित करके, राज्य और नागरिकों के बीच के संबंध को पुनः परिभाषित किया था। अब भारत के लोग किसी शासक की प्रजा नहीं, बल्कि अधिकारों से युक्त नागरिक बन चुके थे।

लोकतंत्र की एक परिभाषा के अनुसार, लोकतंत्र का अर्थ होता है ऑफ द पीपल, बाय द पीपल और फॉर द पीपल यानि जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए शासन।

हमारे संविधान की प्रस्तावना में यह साफ है कि हमारे देश में संप्रभुता जनता के हाथों में हैं और यह संविधान भारत के लोगो ने ही स्वयं के लिए गढ़ा हैं। इसलिए संविधान के अंगीकरण के साथ ही 'ऑफ द पीपल' का सिद्धांत, साकार हो गया था।

दूसरा सिद्धांत- बाय द पीपल, वर्ष 1952 के पहले आम चुनावों के साथ स्थापित हुआ जब लोकसभा और विधानसभाओं के सदस्यों का निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर हुआ।

लेकिन लोकतंत्र का तीसरा महत्वपूर्ण सिद्धांत- फॉर द पीपल, एक निरंतर प्रक्रिया है। इसी निरंतर प्रक्रिया की बात डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने की थी जब उन्होंने भारत की दूसरे चरण की यात्रा में कोई विराम न होने की बात कही थी।

इन सारे तथ्यों से यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाता है कि संविधान और लोकतंत्र की पूरी व्यवस्था के केंद्र में 'हम भारत के लोग' हैं और उनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान का ध्येय है।

यह ध्येय हमेशा भारत की राजनीतिक चेतना का अभिन्न अंग रहा है। प्राचीन भारत में योग-क्षेम का सिद्धांत व्यक्ति के कल्याण और सुरक्षा से जुड़ा हुआ था। महात्मा गांधी के सर्वोदय के विचार के केंद्र में भी सभी का उत्थान है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव-वाद और अंत्योदय के सिद्धांत भी व्यक्ति के सम्पूर्ण विकास और वंचित वर्गों के उत्थान पर केंद्रित हैं। विकास के केंद्र में नागरिकों को रखने की यह परंपरा वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति सबका साथ, सबका विकास में भी निहित है।

वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनता केंद्रित शासन व्यवस्था की यह सोच सरकार की नीतियों और कार्यों में स्पष्ट दिखायी देती है। इससे संवैधानिक उद्देश्यों की पूर्ति को गति और शक्ति मिली है।

संविधान में मौजूद नीति निदेशक तत्वों के अंतर्गत राज्य पर श्रमिकों के लिए मानवीय और न्यायपूर्ण परिस्थितियाँ सुनिश्चित करने का दायित्व है। इसी दिशा में कार्य करते हुए हाल में ही केंद्र सरकार ने 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में पिरोया है। यह श्रमिकों के लिए बेहतर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम है।

संविधान राज्य को यह निर्देश देता है कि वह आर्थिक असमानताओं को कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। इस उद्देश्य की पूर्ति तभी संभव है, जब समाज के हर वर्ग को शिक्षा और रोजगार के समान अवसर उपलब्ध हों। पिछले वर्षों में लिए गए कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसलों के चलते आज अवसरों की यह समानता हर स्तर पर बढ़ी है।

इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण स्टार्टअप इंडिया पहल है, जिसके हाल ही में दस वर्ष पूरे हुए हैं। इसके अंतर्गत प्रदान किये जाने वाले नीतिगत सहयोग, आर्थिक मदद, और मेंटरशिप के माध्यम से, आज किसी भी व्यक्ति के लिए एक उद्योग शुरू करना बहुत आसान हुआ है। दिसंबर 2025 तक देश में दो लाख से अधिक उझखखढ-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की स्थापना, इस बात का प्रमाण है कि समान अवसरों की नीति किस तरह समावेशी आर्थिक विकास को गति दे सकती है। इस पूरे क्रम में सबसे अधिक प्रेरक बात यह है कि इन स्टार्ट-अप्स को शुरू करने वालों में बड़ी संख्या में पहली पीढ़ी के उद्यमी हैं।

आर्थिक प्रगति तभी समावेशी बनती है, जब अवसरों की समानता हो। यह आय असमानता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पिछले 12 वर्षों में सभी आर्थिक नीतियाँ इसी विचार से प्रेरित रही हैं। इसी का परिणाम है कि आज भारत की आर्थिक प्रगति का लाभ प्रत्येक नागरिक तक समान रूप से पहुंच रहा है।

विश्व बैंक के स्प्रिंग 2025 पावर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ के अनुसार, भारत ने पिछले दशक में 17.1 करोड़ लोगों को 'अत्यधिक गरीबी' (एँीशाश झ्रेंर्शीीं) से भी बाहर निकाला है। सामाजिक रूप से पिछड़े व्यक्तियों के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को भी आरक्षण का लाभ दिया गया है।

केंद्र सरकार ने समावेशी विकास के साथ-साथ लोगों के लिए गरिमापूर्ण जीवन और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने पर भी निरंतर ध्यान केंद्रित किया है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 और मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 जैसे कानूनों के माध्यम से सामाजिक न्याय को और भी मजबूती मिली है।

गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने की इसी भावना का एक अच्छा उदाहरण स्वच्छ भारत मिशन (डइच्) भी है। इस मिशन का नेतृत्व लोग स्वयं कर रहे हैं। और उन्होंने इसे जनांदोलन का स्वरूप प्रदान किया है। यह केवल स्वच्छता तक सीमित पहल नहीं थी, बल्कि उन करोड़ों लोगों की गरिमा को पुनर्स्थापित करने का प्रयास था, जो दशकों तक खुले में शौच करने को मजबूर थे।

जनकल्याण की यही भावना 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' और 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' जैसी पहलों में भी साफ दिखती है। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' कठिन समय में लाखों भारतीय परिवारों के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है। इस योजना की 53 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएँ हैं और 72 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी ग्रामीण भारत से आते हैं। यह सामाजिक सुरक्षा के समावेशी होने का प्रमाण है।

जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान किया था, तो वह केवल अर्थव्यवस्था के स्तर तक ही सीमित नहीं था, बल्कि नागरिकों के अंदर आत्म निर्भरता की भावना बढ़ाने का भी प्रयास था। इसलिए मुद्रा योजना और स्किल इंडिया मिशन जैसी पहलों के माध्यम से नागरिकों को स्वावलंबी और उद्यमशील बनाने पर बल दिया गया है। इन योजनाओं के केंद्र में आत्मनिर्भर नागरिक बनाना है जो आत्मनिर्भर भारत का आधार भी बन रहे है।

इसी क्रम में आयुष्मान भारत योजना एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बहुत लाभ हुआ है जो धन के अभाव में अच्छी स्वास्थ्य सेवा से वंचित थे। इसी तरह जन धन योजना ने बड़ी संख्या में नागरिकों को फॉर्मल बैंकिंग से जोड़कर वित्तीय सुरक्षा प्रदान की है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इस अधिनियम में लोकतंत्र के तीनों सिद्धांत सशक्त अभिव्यक्ति पाते हैं क्योंकि विधायी संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ने से संप्रभुता का सामाजिक आधार तो बढ़ेगा ही, नीति-निर्माण भी ज्यादा समावेशी होगा।

यानि लोकतांत्रिक सिद्धांत का तीसरा सूत्र- फॉर द पीपल, जिसके केंद्र में जन-कल्याण है, एक सतत दायित्व है, जिसे हर पीढ़ी को अपने समय में निभाना पड़ता है। गणतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती सिर्फ इस बात पर ही नहीं निर्भर है कि उसकी संस्थाएं कितनी मजबूत और दीर्घजीवी है बल्कि इस बात पर भी निर्भर करती हैं कि शासन व्यवस्था जनता के जीवन में कैसा बदलाव लाती है। हमें यह स्मरण रखना है कि भारतीय गणतंत्र की यात्रा सतत जारी रहनी चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी भी है। यह 77वां गणतंत्र दिवस सिर्फ़ इस दायित्व को स्मरण करने का ही अवसर नहीं हैं, बल्कि उससे आगे बढ़ कर यह संकल्प लेने का भी है कि हम भारत के लोग अपने लोकतांत्रिक और गणतांत्रिक मूल्यों को और अधिक गहराई से आत्मसात करें, उन्हें आचरण में उतारें, और यह सुनिश्चित करें कि शासन की हर दिशा और हर निर्णय के केंद्र में जनता और उसका कल्याण ही सर्वोपरि रहे।

# यूपी / बिहार

## उत्तर प्रदेश, देश की अर्थव्यवस्था का संबल बन रहा : योगी आदित्यनाथ



**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश 'बीमारू' राज्य की छवि को पीछे छोड़ते हुए आज भारत की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत संबल बन रहा है। मथुरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का उत्तर प्रदेश के पहले दौरे पर हार्दिक स्वागत किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि नितिन नवीन का (पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद) पहला दौरा योगेश्वर श्रीकृष्ण की पवित्र भूमि मथुरा में हुआ है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश की जनता और राज्यभर के भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष का हार्दिक स्वागत करता हूं और उन्हें बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री ने नितिन नवीन को युवा ऊर्जा और संगठनात्मक शक्ति का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के पाटलिपुत्र से पांच बार विधायक रह चुके नवीन ने भाजपा में विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मथुरा और इसके आसपास के क्षेत्र-वृंदावन, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, नंदगांव और बलदेव सदियों से सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए प्रेरणा के केंद्र रहे हैं। उन्होंने कहा, इस भूमि का हर कण श्रीकृष्ण और राधा रानी की आध्यात्मिक विरासत को अपने भीतर समेटे हुए है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह जिला भाजपा के विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मभूमि होने के कारण भी विशेष महत्व रखता है। 'डबल इंजन' सरकार के तहत हुए विकास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब ''बीमारू'' राज्य नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बन गया है।

### चुनाव आते ही बांटने-काटने वाली ताकतें सक्रिय हो जाती हैं : नितिन नवीन

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए रविवार को कहा कि चुनाव आते ही ''बांटने और काटने वाली ताकतें'' सक्रिय हो जाती हैं और उनसे राजनीतिक रूप से लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को सतर्क करते हुए कहा, ''देश में ऐसी ताकतें काम कर रही हैं जो बांटने और काटने में विश्वास रखती हैं, संविधान का अपमान करती हैं। ऐसी ताकतें चुनाव आते ही सक्रिय हो जाती हैं और संविधान की दुहाई देने लगती हैं। हमें उनसे राजनीतिक रूप से लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए।'' उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सनातन परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सनातन धर्म के प्रत्येक अनुयायी को इस बात पर गर्व है कि ऐसी सरकार बनी है। किसी दल का नाम लिए बिना नवीन ने कहा कि जिन लोगों ने अतीत में ''संविधान को फाड़ा'' था, वे आज उसकी रक्षा करने का दिखावा कर रहे हैं।

## तेजस्वी को राजद का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया

**राजद का नियंत्रण घुसपैठियों, साजिशकर्ताओं के हाथों में चला गया है : रोहिणी आचार्य**

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद के छोटे बेटे तेजस्वी यादव को रविवार को यहां हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में राजद की करारी हार हुई थी, जिसमें 'महागठबंधन' ने 36 वर्षीय नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में खड़ा करके चुनाव लड़ा था। राजद ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह निर्णय पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया, जिसमें यादव, प्रसाद और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। यादव की सबसे बड़ी बहन एवं पाटलिपुत्र से सांसद मीसा भारती भी बैठक में मौजूद थीं। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी वर्तमान में बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। शनिवार को वह



पार्टी में अपना राजनीतिक कद बढ़ने को लेकर आश्वस्त दिखे थे, क्योंकि उन्होंने राजद कार्यालय में कार्यकर्ताओं से कहा था कि वह बूथ स्तर से पार्टी संरचना में बदलाव करने के बारे में सोच रहे हैं।

## स्वर्ण मंदिर के सरोवर में 'कुल्ला' करने का वीडियो सामने आने के बाद आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद :** पंजाब के अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के सरोवर में 'कुल्ला' करने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान अंकुर विहार कालोनी थाना क्षेत्र निवासी सुभान (32) के रूप में हुई है। वीडियो में सुभान को स्वर्ण मंदिर के सरोवर में मुंह व पैर साफ करते हुए और 'कुल्ला' करते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि सुभान 15 जनवरी को अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में दर्शन के लिए गया था। अंकुर विहार क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि सिख समुदाय के सदस्यों ने इस कृत्य पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अमृतसर में शिकायत दर्ज कराई और सुभान पर जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया।

## नीट छात्रा मौत मामला: फॉरेंसिक रिपोर्ट में कपड़ों पर वीर्य के अंश मिले, दो पुलिस अधिकारी निलंबित

**पटना :** पटना में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही छात्रा की मौत के मामले की जांच कर रही पुलिस ने रविवार को कहा कि छात्रा के कपड़ों की फॉरेंसिक जांच में वीर्य के अंश पाए गए हैं, जो उसके यौन उत्पीड़न का संकेत देते हैं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस फॉरेंसिक रिपोर्ट में पाए गए वीर्य के अंशों से 'डीएनए प्रोफाइल' प्राप्त करेगी। इस मामले में एक और घटनाक्रम में पटना पुलिस ने शनिवार देर रात कदमकुआं पुलिस थाने के अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी हेमंत झा और चित्रगुप्त नगर पुलिस थाने की प्रभारी एवं सब-इंस्पेक्टर रोशनी कुमारी को मामले में कर्तव्य की उपेक्षा के आरोप में निलंबित कर दिया। जहानाबाद की रहने वाली 18 वर्षीय छात्रा मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' की तैयारी कर रही थी और इस महीने की शुरुआत में चित्रगुप्त नगर स्थित शंभू गर्ल्स हॉस्टल के एक कमरे में अचेत अवस्था में पायी गयी थी। वह परीक्षा की तैयारी के लिए निजी हॉस्टल में रह रही थी। कई दिनों तक कोमा में रहने के बाद 11 जनवरी को एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। उसके परिवार ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा था कि अधिकारी मामले को दबा रहे हैं। एक विशेष जांच दल (एसआईटी) इस मामले की जांच कर रहा है।

## वर्ग पहेली नं. 3333

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 13 | 14 | | ■ | 15 | | 16 | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | 22 |
| 23 | | 24 | | ■ | | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 25 | | | | ■ | |
| 26 | | | | ■ | | ■ | 27 | | |

*बायें से दायें:-* 2) क़सूर, 4) प्रयत्न, 7) भेदभावहीन, 9) कलेजे का मांस, 10) मंडी, 11) प्रहार, 13) तलहटी, 15) पैंतरेबाज़ी, 17) एक मसालेदार जड़, 19) छाती, 20) अखंड, 21) कपड़ा सीनेवाला; टेलर, 23) सीमा, 25) चौपट; ध्वस्त, 26) दुष्कीर्ति, 27) अफ़वाहबाज़.

*ऊपर से नीचे:-* 1) टंटाबखेड़ा, 2) सचेत, 3) नक्षत्र, 4) गणपूर्ति (सभा), 5) संशय, 6) झूठी प्रशंसा, 8) सहोदरा, 12) विवश, 14) उद्देश्य, 16) एक इतिहासकालीन बादशाह, 18) झिरी, 19) दृष्टांत; मिसाल, 21) कीचड़, 22) मरम्मत, 23) कारण, 24) रूपवती.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | अ | ग | ला | ■ | अ | नु | सा | र |
| वि | ■ | ला | ■ | वा | य | व्य | ■ | म | ज़ा |
| वा | ह | वा | ह | ■ | शा | व | ■ | ने | ■ |
| हि | ■ | ■ | ज़ा | ती | ■ | स्था | न | ■ | आ |
| त | ल | वा | र | ■ | ह | ■ | र | खा | ना |
| ■ | फं | दा | ■ | मु | क़ | द | मा | ■ | का |
| दं | गा | ■ | भी | ड़ | ■ | ■ | ना | दा | नी |
| ग | ■ | कुं | ■ | ना | ह | क़ | ■ | यि | ■ |
| ल | ग | भ | ग | ■ | श्र | ■ | सां | त्व | न |

## सुडोकू-पहेली-3291

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | | 5 | 2 |
| | | 3 | | | 1 | | 9 | 4 |
| | | | | 7 | | 8 | | 3 |
| 5 | 7 | | | | | | 2 | |
| | 9 | | | | | | 6 | 5 |
| | | 9 | 1 | | | | | |
| | | | | 4 | 3 | | | |
| | 2 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3290 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 2 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 7 | 5 | 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 6 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 1 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 9 |
| 5 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 | 7 |




सोमवार, 26 जनवरी 2026

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




स्थानीय खबरें पृष्ठ चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** धर्म कहता है मन सच्चा और दिल अच्छा हो तो हर रोज सुख होगा।

### सूचना

**समाज्ञा के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिन्तकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर समाज्ञा कार्यालय में 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक दिनांक 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा। –संपादक**

# भारत दुनिया में शांति का संदेश फैला रहा है: राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली :** 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत विश्व में शांति का संदेश फैला रहा है, जो मानवता के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भारत को शांति का संदेशवाहक बताते हुए कहा कि हमारी प्राचीन परंपरा सार्वभौमिक सद्भाव और विश्व-शांति की भावना से जुड़ी रही है। राष्ट्रपति ने हाल ही में सफल रहे 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि आतंकवाद के ठिकानों पर सटीक प्रहार कर अनेक आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया गया। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता से यह ऐतिहासिक सफलता संभव हो सकी। सशस्त्र बलों की शक्ति का उल्लेख करते हुए उन्होंने सियाचिन बेस कैंप यात्रा, सुखोई और राफेल में उड़ान तथा पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर के अनुभव साझा किए और कहा कि देश की सुरक्षा क्षमता पर हर नागरिक को पूरा भरोसा है। महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि नारी शक्ति 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की



आधारशिला है। उन्होंने बताया कि पंचायतों में महिला प्रतिनिधित्व लगभग 46 प्रतिशत है और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से महिलाओं के नेतृत्व को नई शक्ति मिलेगी। खेलों में बेटियों की उपलब्धियों पर गर्व जताते हुए उन्होंने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप और दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप में भारत की जीत का उल्लेख किया। गरीबी उन्मूलन पर राष्ट्रपति ने कहा कि करोड़ों लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं और 'पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना' से 81 करोड़ लाभार्थियों को सहायता मिल रही है। उन्होंने समावेशी विकास, आदिवासी और वंचित वर्गों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत के वैश्विक नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया के आधे से अधिक डिजिटल लेनदेन भारत में होते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत तेजी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है और आत्मनिर्भरता व संरचनात्मक सुधार इसकी मजबूत नींव हैं। 'वंदे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह गीत राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है और भारत अपनी गौरवशाली परंपराओं के साथ नए आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है।

# पद्म पुरस्कारों की घोषणा: धर्मेंद्र को पद्म विभूषण, शिबू सोरेन को पद्म भूषण, रोहित को पद्म श्री

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। इनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री शामिल हैं। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र को पद्म विभूषण, झारखंड के पूर्व सीएम दिवंगत नेता शिबू सोरेन और बॉलीवुड सिंगर अलका याग्निक को पद्म भूषण दिया जाएगा। एक्टर आर माधवन, क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और हॉकी प्लेयर सविता पूनिया को पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा।

**19 महिलाएं और 16 लोगों को मरणोपरांत सम्मान**

कुल 131 पद्म पुरस्कार की सूची में पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 19




महिलाएं हैं, जबकि इस सूची में विदेशी नागरिकों, अनिवासी भारतीयों, भारतीय मूल के व्यक्तियों और भारत के प्रवासी नागरिकों की श्रेणी में छह लोग भी शामिल हैं, साथ ही 16 लोगों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया है। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता वी. एस. अच्युतानंदन व दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को वर्ष 2026 के लिए देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। लोक कार्यों के क्षेत्र में योगदान के लिए पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश के. टी. थॉमस, कला के क्षेत्र में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की प्रख्यात गायिका और वायलिन वादक एन. राजम, तथा साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में वरिष्ठ मलयालम पत्रकार पी. नारायणन को भी पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा।

शेष पृष्ठ 7

## भारत-यूरोपीय संघ 27 जनवरी को मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता पूरी होने की करेंगे घोषणा

**नयी दिल्ली :** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) 27 जनवरी को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता संपन्न होने और इसे अंतिम रूप देने की घोषणा करने के लिए तैयार हैं। एक अधिकारी के अनुसार, इस समझौते का उद्देश्य अमेरिकी शुल्क के कारण वैश्विक व्यापार में जारी व्यवधानों के बीच दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है। 18 साल के लंबे इंतजार के बाद यह समझौता अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। इसकी वार्ता वर्ष 2007 में शुरू हुई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को अब तक का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता ''मदर ऑफ ऑल डील्स'' करार दिया है। अधिकारी ने बताया कि वार्ता के समापन की घोषणा यहां आयोजित होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान की जाएगी। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 24 जनवरी को चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंच चुकी हैं। वह यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शिखर वार्ता करेंगी। हालांकि वार्ता पूरी होने की घोषणा इसी सप्ताह हो जाएगी, लेकिन मसौदे की कानूनी समीक्षा के बाद इसे आपसी सहमति वाली तारीख पर हस्ताक्षरित किया जाएगा।

**ममता का निर्वाचन आयोग पर हमला**

## 'भाजपा के इशारे पर विपक्ष को कुचल रहा चुनाव आयोग'




**मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस को बताया 'तमाशा'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को निर्वाचन आयोग द्वारा 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' मनाए जाने को ''दुखद तमाशा'' करार देते हुए आयोग पर विपक्ष को 'कुचलने' और ''भाजपा की ओर से'' देश के लोकतंत्र की नींव को नष्ट करने का आरोप लगाया। ममता ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ''अपने आकाओं के इशारे पर काम कर रहा है और लोगों के मतदान अधिकारों को ''छीनने'' में लगा हुआ है। इस दिन, मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि भाजपा के अपने आकाओं की ओर से वे विपक्ष को कुचलने और भारत के लोकतंत्र की नींव को नष्ट करने में लगे हैं, फिर भी वे मतदाता दिवस मनाने की ढोंग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री निर्वाचन आयोग पर पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया जल्दबाजी में कराने का आरोप लगा रही हैं। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि निर्वाचन आयोग आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहा है, और यह कितना दुखद तमाशा है! आयोग अपने आकाओं की आवाज बनकर लोगों के मतदान के अधिकार छीनने में व्यस्त है, और फिर भी मतदाता दिवस मनाने का ढोंग कर रहा है। मैं आज उनके इस आचरण से बेहद निराश और व्यथित हूं। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग तार्किक विसंगति के नाम पर नए-नए बहाने ढूंढ रहा है, ताकि लोगों को परेशान किया जा सके और उन्हें उनके चुनावी अधिकारों से वंचित किया जा सके।

## भारत ने तेल आयात के लिए फिर से पश्चिम एशिया का रुख किया, रूस से खरीद हुई सीमित

**नयी दिल्ली :** भारत ने कच्चे तेल के आयात की रणनीति में बदलाव करते हुए कम जोखिम वाली आपूर्ति पर जोर दिया है। इसमें पश्चिम एशिया की हिस्सेदारी बढ़ रही है, जबकि सीमित मात्रा में रूस से आपूर्ति भी बनी हुई है। विश्लेषण फर्म केप्लर के आंकड़ों के अनुसार जनवरी के पहले तीन हफ्तों में रूसी कच्चे तेल का आयात गिरकर लगभग 11 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जो पिछले महीने औसतन 12.1 लाख बैरल प्रतिदिन और मध्य 2025 में 20 लाख बैरल प्रतिदिन से थोड़ा अधिक था। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 90 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। केप्लर के आंकड़ों के अनुसार इराक अब रूस के बराबर मात्रा में आपूर्ति कर रहा है, जबकि दिसंबर 2025 में यह औसतन 9,04,000 बैरल प्रतिदिन था। सऊदी अरब से आने वाली मात्रा भी इस महीने बढ़कर 9,24,000 बैरल प्रतिदिन हो गई है, जो दिसंबर में 7,10,000 बैरल प्रतिदिन और अप्रैल 2025 में 5,39,000 बैरल प्रतिदिन थी।



# नंदीग्राम में तृणमूल की बड़ी जीत, रानीचक सहकारी समिति पर सत्तारूढ़ दल का कब्जा

**पूर्व मेदिनीपुर :** नंदीग्राम में सहकारी चुनाव में एक बार फिर तृणमूल कांग्रेस का दबदबा देखने को मिला है। रविवार को नंदीग्राम ब्लॉक–2 के अंतर्गत रानीचक सहकारी समिति के चुनाव संपन्न हुए। कुल 45 सीटों के लिए हुए इस चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 27 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि भारतीय जनता पार्टी को केवल 18 सीटों से संतोष करना पड़ा।

चुनाव परिणाम सामने आते ही तृणमूल कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जश्न का माहौल बन गया। स्थानीय स्तर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को हरा अबीर लगाकर जीत का उत्सव मनाया। उल्लेखनीय है कि रानीचक सहकारी समिति की 45 सीटों में से पांच सीटों पर तृणमूल कांग्रेस पहले ही निर्विरोध जीत हासिल कर चुकी थी। वहीं भाजपा ने कुल 40 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले यह जीत तृणमूल कांग्रेस के लिए मनोबल बढ़ाने वाली साबित होगी, खासकर विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के गढ़ माने जाने वाले नंदीग्राम क्षेत्र में। चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद जैसे-जैसे परिणाम घोषित होते गए, तृणमूल की बढ़त स्पष्ट होती चली गई और अंततः सत्तारूढ़ दल ने रानीचक सहकारी समिति पर कब्जा जमा लिया। इस जीत को तृणमूल कांग्रेस स्थानीय संगठन के लिए ऑक्सीजन के रूप में देखा जा रहा है, जबकि भाजपा के लिए यह परिणाम निश्चित तौर पर एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

## सहकारी समिति चुनाव से पहले भाजपा एवं तृणमूल कार्यकर्ताओं में झड़प, कई घायल

**पूर्व मेदिनीपुर : जिले के नंदीग्राम में सहकारी समिति चुनाव से ठीक पहले शनिवार की रात राजनीतिक हिंसा भड़क उठी। नंदीग्राम–दो ब्लॉक के रानीचक सहकारी समिति के मतदान से पूर्व भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई। इस संघर्ष में दोनों पक्षों के कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं। घटना के बाद से रविवार की सुबह से इलाके में भारी तनाव व्याप्त रही।प्राप्त जानकारी के अनुसार, रानीचक सहकारी समिति की प्रबंधन समिति की 45 सीटों के लिए रविवार को मतदान होना है। शनिवार की रात चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया।**

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की अनदेखी का आरोप,


## एसआईआर सुनवाई में दस्तावेज जमा करने पर भी नहीं मिल रही रसीद!

**कोलकाता :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना करने का आरोप लगा है। कोलकाता शहर से लेकर विभिन्न जिलों तक, सुनवाई केंद्रों पर पहुंचे मतदाताओं का दावा है कि आवश्यक दस्तावेज और प्रमाण जमा करने के बावजूद उन्हें उसकी कोई रसीद या प्रमाणपत्र नहीं दिया जा रहा है। रसीद मांगने पर संबंधित अधिकारी यह कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि उनके पास इस संबंध में कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं है।

उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने एसआईआर की सुनवाई प्रक्रिया को कई चरणों में विभाजित किया है। पहले चरण में 'नो-मैपिंग' मतदाताओं को बुलाया गया था और अब 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' यानी तथ्यों में असंगति वाले मतदाताओं की सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि सुनवाई में उपस्थित होकर जो भी मतदाता अपने दस्तावेज और प्रमाण जमा करें, उन्हें उसकी रसीद दी जाए, ताकि भविष्य में उनके पास प्रमाण मौजूद रहे। लेकिन जमीनी स्तर पर इस निर्देश का पालन नहीं हो रहा, ऐसा आर-ोप सामने आ रहा है।

नाम न छापने की शर्त पर शहर के एक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) ने बताया, हमें वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से रसीद देने का कोई निर्देश नहीं मिला है। फिलहाल हम केवल हियरिंग नोटिस पर हस्ताक्षर कर दे रहे हैं। इससे मतदाताओं के बीच चिंता और असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, अगला चरण 27 जनवरी से शुरू होगा और उस समय सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस को लागू किया जाएगा। हालांकि सवाल यह उठ रहा है कि अब तक जिन मतदाताओं ने दस्तावेज जमा कर दिए हैं, उनके पास किसी प्रकार का लिखित प्रमाण न होने की स्थिति में उनका भविष्य क्या होगा। इसी अनिश्चितता को लेकर मतदाताओं में नाराजगी और आशंका दोनों बढ़ती जा रही हैं।



**सालकिया फ्रेंड्स ऑफ घोषपारा क्लब की ओर से बैठाई गई मां सरस्वती की प्रतिमा।**

## कृष्णनगर-करिमपुर राज्य सड़क पर दो बसों की रेस में महिला की मौत, कई यात्री घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के कृष्णनगर–करिमपुर राज्य सड़क पर काठालिया मैदान के पास रविवार को बसों की रेस और चालकों की ला-परवाही के चलते हुए सड़क दुर्घटना में एक महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों और घायलों के मुताबिक, कृष्णनगर से करिमपुर की ओर जा रही दो बसें आपस में रेस लगाते हुए चल रही थीं। आगे चल रही बस पीछे की बस को ओवरटेक नहीं करने दे रही थी। इसी दौरान चालक की लापरवाही के कारण बस का नियंत्रण बिगड़ गया और बस पलट गई। आरोप है कि दुर्घटना के समय चालक के एक हाथ में मोबाइल फोन और दूसरे हाथ में



स्टीयरिंग था। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग और करिमपुर थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को करिमपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अब भी कई यात्रियों का इलाज चल रहा है, जबकि कुछ घायलों को अन्य अस्पतालों में भेजा गया है।

## मेखलीगंज में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में बुजुर्ग गिरफ्तार

**घटना के विरोध में प्रदर्शन, उग्र भीड़ ने पुलिस पर किया हमला, पुलिस ने किया लाठीचार्ज**

**कूचबिहार :** जिले के मेखलीगंज इलाके में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में एक बुजुर्ग को गिरफ्तार किया गया है। पता चला है कि छठी कक्षा में पढ़ने वाली बच्ची लकड़ी लेने के लिए नदी किनारे गई थी, जहां एक बुजुर्ग व्यक्ति ने, जिसे वह प्यार से दादाजी कहती थी, उसके साथ दुष्कर्म किया। यह मामला शनिवार को सामने आया और बच्ची के परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह घटना गुरुवार को घटी। एक नाबालिग लड़की मेखलीगंज के जमालदाह में नदी किनारे लकड़ी लेने गई थी। आरोप है कि शेमुतुन मियां (63) ने उसे धारदार हथियार दिखाकर धमकाया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में, एक स्थानीय महिला ने लड़की को बचाया और उसे घर ले गई। हालांकि, कई दिन बीत जाने के बाद भी लड़की का परिवार पुलिस स्टेशन नहीं पहुंचा। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, उनके पड़ोसी आरोपी की धमकियों के कारण उनमें हिम्मत नहीं थी। हालांकि, उसी शाम स्थानीय लोग पीड़िता और उसके



परिवार को जमालदाह पुलिस चौकी ले गए और एक औपचारिक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बाद, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मेखलीगंज थाने ले गई। इस मुद्दे पर स्थानीय लोगों ने भी प्रदर्शन किया। शनिवार की रात प्रदर्शनकारियों ने जमालदाह में राज्य राजमार्ग को टायर जलाकर अवरुद्ध कर दिया और पत्थरबाजी भी की। इससे इलाके में काफी देर तक यातायात ठप रहा। पत्थरबाजी में मेखलीगंज थाने के प्रभारी मोहम्मद शाहबाज को मामूली चोटें आई। स्थिति बेकाबू होने पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठियों का इस्तेमाल किया। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया।

## एसआईआर : कुमारगंज में निगरानी के लिए आए माइक्रो ऑब्जर्वर से मारपीट का आरोप, इलाके में तनाव

**दक्षिण दिनाजपुर :** जिले के कुमारगंज में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) के काम की निगरानी करने आए एक माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ मारपीट किए जाने का आरोप सामने आया है। इस घटना को लेकर पूरे इलाके में तनाव फैल गया है। बताया गया है कि शनिवार को कुमारगंज ब्लॉक विकास विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यालय से सटे आईसीडीएस भवन में एसआईआर की सुनवाई चल रही थी। उसी दौरान वहां निगरानी के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर पहुंचे थे। आरोप है कि दिनभर काम शांतिपूर्ण ढंग से चला, लेकिन शाम के समय अचानक तृणमूल कांग्रेस समर्थित कुछ गुंडे कैंप में घुस आए और सरकारी अधिकारी के साथ मारपीट की। इस घटना में माइक्रो ऑब्जर्वर दिव्येंदु गड़ाई अस्वस्थ हो गए। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस तुरंत



मौके पर पहुंची और उन्हें सुरक्षित निकालकर बीडीओ कार्यालय ले जाया गया। फिलहाल, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पूरे मामले की जांच में जुटे हुए हैं। घटना के बाद कुमारगंज बीडीओ कार्यालय का गेट बंद कर दिया गया है। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और लगातार गश्त जारी है। हालांकि, इस मामले पर घायल माइक्रो ऑब्जर्वर दिव्येंदु गड़ाई ने कोई टिप्पणी करने से इनकार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक चिन्मय मित्तल ने पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## ईसीएल ने कर्मचारियों से कोयला उत्पादन बढ़ाने का किया आह्वान, लक्ष्यों को पूरा करने पर जोर

**कोलकाता :** कोल इंडिया की सहायक कंपनी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में अपने कर्मचारियों से कोयला उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया है। कंपनी ने दिसंबर तक कुल उत्पादन में आई कमी को देखते हुए लक्ष्यों और उपलब्धियों के बीच के अंतर को पाटने के लिए यह अपील की है। 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कर्मचारियों को दिए संदेश में ईसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सतीश झा ने बताया कि दिसंबर 2025 तक संचयी कोयला उत्पादन 33.482 मिलियन टन रहा। यह 38.752 मिलियन टन के निर्धारित अनुपातित लक्ष्य से कम है। उन्होंने रेखांकित किया कि वित्त वर्ष के शेष महीनों में उत्पादन की गति तेज करना अनिवार्य है। हालांकि, कंपनी ने कहा कि वह परिचालन के मोर्चे पर मजबूत स्थिति में है। इस अवधि के दौरान 13.30 करोड़ क्यूबिक मीटर 'ओवरबर्डन' (कोयले के ऊपर की मिट्टी और चट्टानें) को हटाया गया है, जिसे कंपनी ने अपनी एक बड़ी उपलब्धि बताया है। इससे आने वाले समय में उच्च कोयला उत्पादन में मदद मिलेगी। अप्रैल-दिसंबर की अवधि के दौरान कुल 'कोयले का उठाव' (आपूर्ति) 3.36 करोड़ टन रहा, जिससे राजस्व प्रवाह और आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित हुई। कंपनी ने कर्मचारियों, अधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकारियों से एकजुट प्रयासों का आह्वान करते हुए कहा कि वार्षिक लक्ष्यों को पूरा करने और देश की ऊर्जा सुरक्षा में ईसीएल की भूमिका को मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत महत्वपूर्ण होगी।

## राष्ट्रपति पदक से सम्मानित आरपीएफ/आरपीएसएफ कर्मी

**नई दिल्ली/कोलकाता :** गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर, भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और रेल सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) के अधिकारियों और कर्मियों को उनकी समर्पित सेवा, व्यावसायिकता और रेल सुरक्षा में अनुकरणीय योगदान के सम्मान में राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक (पीएसएम) और मेधावी सेवा पदक (एमएसएम) से सम्मानित किया है।

**राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक**

■ अरोमा सिंह ठाकुर, महानिरीक्षक, दक्षिण मध्य रेलवे

**उल्लेखनीय सेवा पदक**

■ उत्तम कुमार बंद्योपाध्याय, सहायक सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण मध्य रेलवे
■ कल्याण देओरी, सहायक कमांडेंट, रेलवे सुरक्षा विशेष बल
■ बलवान सिंह, निरीक्षक, उत्तरी रेलवे
■ प्रफुल चंद्र पांडा, निरीक्षक, पूर्वी तट रेलवे
■ प्रकाश चरण दास, निरीक्षक, पूर्वी तट रेलवे




■ मुकेश कुमार सोम, निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा विशेष बल
■ पप्पला श्रीनिवास राव, उप निरीक्षक, पूर्वी तट रेलवे
■ अनवर हुसैन, उप निरीक्षक, पश्चिमी रेलवे
■ श्रीनिवास रावुला, उप निरीक्षक, दक्षिण मध्य रेलवे
■ शिव लहरी मीना, सब इंस्पेक्टर, रेलवे सुरक्षा विशेष बल
■ दिक्कला वेंकट मुरली कृष्णा, सहायक सब इंस्पेक्टर, पूर्वी तट रेलवे
■ संजीव कुमार, सहायक सब इंस्पेक्टर, उत्तरी रेलवे
■ महेश्वर रेड्डी करनाती, हेड कांस्टेबल, दक्षिण मध्य रेलवे
■ सी. इयाया भारती, हेड कांस्टेबल, दक्षिणी रेलवे
■ मोहम्मद रफीक, कांस्टेबल/धोबी, रेलवे सुरक्षा विशेष बल

पीएसएम विशेष सेवा के लिए दिया जाता है, जबकि एमएसएम कर्तव्यनिष्ठा और सूझबूझ से भरी बहुमूल्य सेवा के लिए दिया जाता है।

ये पुरस्कार वर्ष में दो बार, गणतंत्र दिवस (आरडी) और स्वतंत्रता दिवस (आईडी) पर दिए जाते हैं, ताकि आरपीएफ/आरपीएसएफ कर्मियों को भारतीय रेलवे की सुरक्षा में उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा सके।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पदयात्रा व 'संडेज ऑन साइकिल-2026' का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर युवाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को नेशनल वोटर्स डे पदयात्रा और 'संडेज ऑन साइकिल-2026' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माय भारत, राज्य कार्यालय कोलकाता द्वारा युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में तथा भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), कोलकाता के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम की थीम थी - माय भारत, माय वोट। राज्य के विभिन्न जिलों से आए लगभग 600 युवाओं ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। साइकिल रैली और पदयात्रा का शुभारंभ भारतीय खेल प्राधिकरण के मुख्य द्वार से हुआ और प्रतिभागियों ने




लगभग तीन किलोमीटर की दूरी तय की। रैली का उद्देश्य युवाओं को मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था। रैली के बाद आयोजित कार्यक्रम में माय भारत के राज्य निदेशक अशोक साहा ने सीआरपीएफ के डीआईजी राजेश धाकरवाल, आईजी संजय यादव तथा साई के उप निदेशक रवि करला को सम्मानित किया। इसके साथ ही पहली बार मतदाता बने नव-पंजीकृत युवाओं को भी सम्मानित कर मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर गार्डन रीच में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा**

गार्डन रीच क्षेत्र के 135 नंबर वार्ड में 77वें गणतंत्र दिवस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मो. मुस्ताक, शाहिद अहमद, मो. जहांगीर एवं मुनिर अहमद के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम को शुभकामनाएँ देने के लिए कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम, प्रख्यात समाजसेवी एवं रक्तदान आंदोलन के अग्रणी कार्यकर्ता विकास जायसवाल सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा समाजसेवी विकास जायसवाल का पुष्पगुच्छ एवं शुभेच्छाओं के साथ अभिनंदन किया गया। वहीं, उन्हें अपने बीच पाकर सभी के प्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सामस इकबाल ने प्रसन्नता व्यक्त की और आयोजकों की इस जनहितकारी पहल की सराहना की।

## बड़ाबाजार लाइब्रेरी के 126वें स्थापना दिवस पर 'चतुर्वेणी' संगम

**कोलकाता :** बड़ाबाजार लाइब्रेरी का 126वाँ स्थापना दिवस संपन्न हुआ। वसंत पंचमी, महाप्राण सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की जयंती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती (पराक्रम दिवस) के उपलक्ष्य में आयोजित इस 'चतुर्वेणी कार्यक्रम' ने साहित्य, राष्ट्रभक्ति और मेधा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। आचार्य विष्णुकान्त शास्त्री सभागार में आयोजित इस समारोह का शुभारंभ श्रीमती हिमाद्रि मिश्रा की सुमधुर सरस्वती वंदना से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक एवं निदेशक सिविल डिफेन्स (पश्चिम बंगाल) जगमोहन एवं अध्यक्षता कर रहे 'वर्तमान पत्रिका हिन्दी' के संपादक रवि शंकर सिंह को पुष्पमाला, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच पर उपस्थित महानगर के प्रतिष्ठित आमंत्रित कवियों का स्वागत नारायण अग्रवाल, विराट शर्मा, कुसुम लुंडिया, नंदकुमार लड्ढा,




चंद्रकुमार जैन, विष्णु वर्मा एवं अरुण मल्लावत द्वारा किया गया।

संस्था के महामंत्री अशोक कुमार गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में लाइब्रेरी के गौरवशाली इतिहास को रेखांकित किया। पुस्तकालय की परंपरा के अनुसार, इस वर्ष भी 4 प्रतिभावान विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि जगमोहन के कर-कमलों द्वारा 'बड़ाबाजार लाइब्रेरी एकलव्य सम्मान' से विभूषित किया गया। इस सत्र का संचालन हरिराम अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पुस्तकालय के प्रति समर्पित सेवा का सम्मान करते हुए, विगत 45 वर्षों से सेवारत कर्मचारी रामचंद्र सिंह को उनकी सेवानिवृत्ति पर शाल ओढ़ाकर एवं सम्मान राशि भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कवि सम्मेलन रहा, जिसका संचालन कवि डॉ. गिरिधर राय ने किया। काव्य गोष्ठी में राजेन्द्र कुमार द्विवेदी, नंदलाल 'रोशन', हिमाद्रि मिश्रा, रमाकांत सिन्हा एवं डॉ. राय ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से श्रोताओं को रससिक्त किया।



**जोड़ासांको वेलफेयर ट्रस्ट एवं वियना स्पॉटिंग क्लब के सहयोग से आयोजित शीतकालीन वस्त्र वितरण कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों को कंबल सौंपते ट्रस्ट चेयरमैन एवं पूर्व विधायक दिनेश बजाज, राजकुमार शर्मा, सुशील चौधरी, विकास जायसवाल, राजीव जायसवाल, विनीत शर्मा, अभिषेक आसोपा, हरि सोनी, अनिल सिंह, गणेश जोशी, जाहिद निहाल, मुक्तिसाधान साहू तथा कार्यक्रम संयोजक प्रियंको पांडे।**

## संसार का विलक्षण पर्व है-मर्यादा महोत्सव : मुनि जिनेश कुमार

❑ **162वां मर्यादा महोत्सव समारोह उल्लासपूर्वक मनाया गया**

**हावड़ा :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री जिनेशकुमार कुमार जी ठाणा-3 के सान्निध्य में 162 वां मर्यादा महोत्सव समारोह साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा शरत सदन में हर्षोल्लास पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल सरकार के केबिनेट मंत्री अरूप रॉय व पूर्व पार्षद शैलेष रॉय भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर बृहत्तर कोलकाता से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विलक्षण महोत्सव : मर्यादा महोत्सव विषय पर उद्बोधन देते हुए मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने कहा- मनुष्य ने जब से समाज बनाकर रहना शुरू किया तब से मर्यादा में जीना शुरु कर दिया। मर्यादित जीवन जीने का संकल्प सामाजिकता की



बुनियाद में पहली ईंट है। समाज को स्वस्थ रखने व गतिशील बनाने में मर्यादा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती है। मर्यादा अमृत है, रसायन है, सुरक्षा कवच है, मर्यादा मशाल है, अंकुश है, मर्यादा निर्मल गंगा जल के समान है। प्रकृति भी मर्यादा में रहती है मनुष्य को भी मर्यादा में रहना चाहिए। खानपान में -भी मर्यादा होनी चाहिए। जो मर्यादा में रहता है वह सुख समृद्धि में रहता है। मुनि ने आगे कहा- आचार्य भिक्षु ने संघ की दीर्घजीविता व चारित्र की निर्मलता के लिए मर्यादाओं का निर्माण किया। सभी साधु साध्वियां एक आचार्य की आज्ञा में रहे। विहार चातुर्मास आचार्य की आज्ञा से करे, शिष्य, शिष्याएं न बनाए योग्य व्यक्ति को दीक्षित करे, आचार्य जिसको उत्तराधिकारी बनाए उसको सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। आचार्य जीतमल जी ने आचार्य भिक्षु की मर्यादाओं को आधार बनाकर मर्यादा महोत्सव का शुभारंभ बालोतरा में किया। मर्यादा महोत्सव तेरापंथ धर्म संघ का कुंभ है। यह तैजस की आराधना का पर्व है। यह संसार का विलक्षण पर्व है। अनुशासन व एकता का प्रतीक है। मुनि ने आगे कहा मर्यादा अर्थात् संविधान है। संविधान के प्रति आस्था रखनी चाहिए। दक्षिण हावड़ा में वृहत्तर कोलकात्ता आदि क्षेत्रों से अच्छी संख्या में श्रद्धालु जन आए सबके प्रति. आध्यामिक मंगलकामना। इस अवसर पर मुनि कुणाल कुमार जी ने सुमधुर गीत का संगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल की सदस्यों के मंगल संगान से हुआ।

स्वागत भाषण साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीपत जी बाफणा ने दिया। पश्चिम बंगाल सरकार के केबिनेट मंत्री अरूप रॉय ने अपने विचार व्यक्त किये। महासभा के पूर्व मुख्य न्यासी भंवरलाल जी बैद, कलकता सभा के अध्यक्ष अजय जी भंसाली, पूर्वांचल सभा के अध्यक्ष संजय सिंघी, तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा के अध्यक्ष आदेश चोरड़िया, तेरापंथ महिला मंडल साउथ हावड़ा की अध्यक्ष अंजु चोरडिया, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम साउथ हावड़ा के अध्यक्ष राजेश जैन, मित्र परिषद के पूर्व मंत्री अशोक बैंगानी ने अपने विचार व्यक्त किए। तेरापंथ कन्या मण्डल, तेरापंथी सभा, तेरापंथ युवक परिषद के समूह गीतों की भव्य प्रस्तुति हुई । आभार ज्ञापन सभा के मंत्री बसंत पटावरी ने किया। मित्र परिषद द्वारा तिथि दर्पण व तिथि पत्रक मुनिवृंद को भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुनि परमानंद ने किया। कार्यक्रम के अंत में श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन व संघगान का संगान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं को महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

## आसनसोल में मस्जिद जा रहे व्यक्ति की हत्या मामले में 3 गिरफ्तार

❑ **संपत्ति विवाद में युवक की गई हत्या**

**आसनसोल :** पश्चिम बर्दवान जिले के दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के हीरापुर थाना अंतर्गत डांगाल इलाके में शनिवार की सुबह नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद जा रहे लोहा व्यवसायी की हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कुछ ही घंटों में कर दिया और तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, शनिवार की सुबह करीब 6:30 बजे हीरापुर थाने को सूचना मिली कि करीम डांगाल मस्जिद के पास एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हालत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल को चारों तरफ से घेर लिया। जिसके बाद घायल व्यक्ति को तत्काल आसनसोल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मोहम्मद शफुद्दीन के रूप में हुई है। मामले की जांच में सामने आया कि



मृतक का अपने ही भाइयों के साथ संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते हत्या की साजिश रची गई। शनिवार की शाम को डीसीपी मोहम्मद सना अख्तर ने हीरापुर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि संदेह के आधार पर पुलिस ने मोहम्मद सलाम और सद्दाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और बताया कि पूरी घटना की योजना उन्होंने ही बनाई थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि इस वारदात में रविंदर सिंह नाम का एक अन्य व्यक्ति भी शामिल था, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। इस तरह पुलिस ने कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटनास्थल पर फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को बुलाया गया है और सबूत जुटाने का काम जारी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस हत्या में कोई और व्यक्ति तो शामिल नहीं था।

# 'पासपोर्ट नहीं दिखाऊंगी', सुनवाई के लिए पहुंची शशि पांजा चुनाव आयोग पर बरसी

## मंत्री को एसआईआर के तहत सुनवाई का मिला था नोटिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की मंत्री शशि पांजा ने रविवार को कहा कि उन्हें राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सुनवाई का नोटिस मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कवायद 'जल्दबाजी में और पर्याप्त तैयारी के बिना' की जा रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्री पांजा ने यह भी दावा किया कि 2002 में जब राज्य में आखिरी बार एसआईआर हुआ था तब उनका नाम मतदाता सूची में था। उन्होंने



जोर देकर कहा कि उन्हें नोटिस इसलिए दिया गया क्योंकि उन्हें 'अनमैप्ड' के रूप में चिह्नित किया गया था। उन्होंने कहा कि मेरा नाम 2002 की मतदाता सूची में था। मैंने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान सभी दस्तावेज जमा कर दिए थे, फिर भी मेरा नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। इसमें मेरी कोई गलती नहीं है। यह (नोटिस) मेरे लिए एक तरह का इनाम है। सूत्रों के अनुसार, मंत्री को रविवार को दोपहर के समय एसआईआर सुनवाई के लिए उप-स्थित होने को कहा गया है। पांजा ने कहा कि वह इस प्रक्रिया के दौरान मंत्री के रूप में किसी भी प्रकार के विशेषाधिकार की मांग नहीं करेंगी और सुनवाई में उपस्थित होने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि एसआईआर प्रक्रिया जल्दबाजी में और अपर्याप्त तैयारी के साथ की जा रही है। सुनवाई मेरे निर्वाचन क्षेत्र में होगी, इसलिए मुझे ज्यादा समय नहीं लगेगा। लेकिन बंगाल में कई लोग इस वजह से परेशान हो रहे हैं।

### देबांशु भट्टाचार्य को भी मिला सुनवाई का नोटिस

इसके अलावा, तृणमूल कांग्रेस के आईटी सेल के प्रभारी देबांशु भट्टाचार्य ने भी दावा किया है कि उन्हें और परिवार के सदस्यों को एसआईआर का नोटिस मिला है। भट्टाचार्य ने कहा कि हमने जो विवरण पेश किए थे उनमें कोई खामी नहीं थी और हमारा नाम 2002 की सूची में भी था। भट्टाचार्य ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि बाजपा सोशल मीडिया गतिविधि पर नजर रखने के लिए एआई-बेस्ड तकनीक का इस्तेमाल कर रही है और पार्टी का विरोध करने वालों को चुनिंदा रूप से निशाना बना रही है।

# एसआईआर के खिलाफ तृणमूल ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में किया विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को कई जिलों में रैलियां निकालकर विरोध प्रदर्शन किया और राज्य में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में सभी पात्र मतदाताओं को शामिल करने की मांग की। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दक्षिण कोलकाता में एक रैली का नेतृत्व करते हुए राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि उच्चतम न्यायालय के तार्किक विसंगतियों की सूची प्रकाशित करने संबंधी निर्देशों का निर्वाचन आयोग द्वारा अभी तक पूरी तरह से पालन नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में



आगामी विधानसभा चुनावों में बड़ी संख्या में लोगों को मतदान करने से रोकने की साजिश रची जा रही है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर तृणमूल कांग्रेस ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध रैलियां निकालीं। तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला ने भट्टाचार्य के दावे को दोहराते हुए आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं।

## तालबगान फ्रेंड्स एसोसिएशन ने स्वास्थ्य शिविर व वस्त्र वितरण का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** तालबगान फ्रेंड्स एसोसिएशन द्वारा कस्बा क्षेत्र में एक स्वास्थ्य शिविर के साथ वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत शुगर जांच, नेत्र परीक्षण, ईसीजी जांच के साथ-साथ रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संगठन के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय उमेश कुमार सिंह, स्वर्गीय समीर वरुण दे तथा स्वर्गीय दीपक दास को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के मंत्री जानाब जावेद अहमद खान उपस्थित रहे। इसके अलावा वार्ड 67 के पार्षद बीजन लाल मुखर्जी, वार्ड 91 के पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल वैष्णोर चटोपाध्याय तथा वार्ड 72 के पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल संदीप बक्षी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारत क्षत्रिय समाज के संयोजक मनोज कुमार सिंह, सुजीत सिंह, कपिल देव सिंह, दया सिंह, धर्मेन्द्र



सिंह तथा जादवपुर विश्वविद्यालय के ललित मांकुन्द की भूमिका पूरे दल के साथ उल्लेखनीय रही। संस्था के अध्यक्ष जोगिंदर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि शिविर में लगभग 70 लोगों ने रक्तदान किया। संस्था के उपाध्यक्ष बिनय सिंह एवं पूर्व सचिव मनोज सिंह ने रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। संयुक्त सचिव गौतम हेला एवं लाल बाबू गुप्ता ने जानकारी दी कि 54 लोगों का नेत्र परीक्षण तथा 120 लोगों की शुगर व ईसीजी जांच की गई। संस्था के सचिव विद्युत विकास बनर्जी एवं कोषाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में परमानंद यादव, विरेंद्र नाथ चौबे, अलख नाथ शाह, विनोद सिंह एवं बृजेश सिंह की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर तालबगान फ्रेंड्स एसोसिएशन की ओर से भारत क्षत्रिय समाज को पूरे वर्ष समाज सेवा के लिए किए गए नेक कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## बंगाल में गंभीरा नर्तक बदलती परिस्थितियों में स्वदेशी कला को बचाए रखने के लिए जूझ रहे

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण दिनाजपुर जिले के खगैल गांव में रहने वाले 57 वर्षीय माधव सरकार युवाओं की घटती भागीदारी और सोशल मीडिया रीलों की बढ़ती लोकप्रियता जैसी चुनौतियों के बीच 'गंभीरा' नृत्य को जीवित रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह मुखौटा नृत्य एक लोक कला है जो रीति-रिवाजों और कहानी के जरिये प्रस्तुत किये जाने पर आधारित है। क्षेत्र में लगभग 20 सदस्यों वाले गंभीरा नृत्य मंडली का नेतृत्व करने वाले सरकार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वे दशकों से इस कला का अभ्यास कर रहे हैं, लेकिन बदलते हालात ने उन्हें और समूह के अन्य सदस्यों को चिंतित कर दिया है। सरकार ने कहा कि उन्हें मई से जुलाई तक के सीजन के दौरान कम से कम 10 बुकिंग मिलती थीं, लेकिन हाल के वर्षों में यह संख्या घटकर चार-पांच तक सीमित हो गई है। गंभीरा एक पारंपरिक मुखौटा नृत्य है जिसमें बुरा-बुरी (भगवान शिव और देवी पार्वती का प्रतिनिधित्व), देवी काली और विष्णु के नरसिंह अवतार जैसे पात्र शामिल होते हैं। पारंपरिक ढोल की थाप के साथ किया जाने वाला यह नृत्य बिना गायन के प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने बताया कि लकड़ी का मुखौटा, जिसे 2018 में भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्राप्त हुआ था, इस कला को संरक्षित करने में सहायक है। सरकार ने कहा कि हम मुखौटे बनाने में प्रयुक्त डिजाइन और सामग्री से कभी समझौता नहीं करते, और यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। उन्होंने बताया कि कुशमंडी प्रखंड में लगभग 100 'गंभीरा' नर्तक विभिन्न मंडलियों में विभाजित होकर इस नृत्य शैली को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक पूरी कहानी को प्रस्तुत करने के लिए हमें एक प्रस्तुति में 16-20 सदस्यों की आवश्यकता होती है। लेकिन लोगों की एकाग्रता अवधि के घट जाने के कारण, हमें इसे संक्षिप्त और छोटे प्रारूप में तैयार करना पड़ता है। सरकार ने कहा कि कलाकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि 'आने वाले दिनों में स्वदेशी संस्कृति विलुप्त न होने दी जाए'।

## 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर हावड़ा में रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**हावड़ा :** स्वाधीनता संग्राम के मूलमंत्र'वंदे मातरम' गीत की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी उत्तर हावड़ा के तत्वावधान में सलकिया स्थित श्रीराम वाटिका सभागार में रक्तदान, स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश भाजपा नेता उमेश राय ने किया।

इस अवसर पर केंद्रीय नेतृत्व एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री तथा सांसद बिप्लब देब, पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव राहुल सिन्हा, प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष राजू बंदोपाध्याय, कोलकाता नगर निगम के पार्षद विजय ओझा, पूर्व डिप्टी मेयर मीना देवी पुरोहित, पार्षद एवं प्रवक्ता सजल घोष, मीडिया के सह-प्रभारी चंद्रशेखर बसोतिया, रितेश तिवारी एवं तुषार कांति घोष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र





मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया। इसके पश्चात, उत्तर हावड़ा विधानसभा क्षेत्र के 100 वरिष्ठ भाजपा नेताओं को 'अटल सम्मान 2026' प्रदान कर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में चार रक्त संग्रह संस्थाओं-लायंस कोलकाता, रूबी जनरल एवं कोठारी ब्लड बैंक द्वारा कुल 316 रक्तदाताओं से रक्त संग्रह किया गया। वहीं, मित्र संघ के सहयोग से लगभग 300 कार्यकर्ताओं का नेत्र परीक्षण किया गया, जिन्हें निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उत्तर हावड़ा मंडल-1 के अध्यक्ष आनंद दुबे, मंडल-2 के अध्यक्ष राजू यादव, मंडल-3 के अध्यक्ष बीरू साहनी एवं विधानसभा संयोजक सुरेंद्र जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के सामाजिक सेवा कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।



गणतंत्र दिवस से पहले खोजी कुत्तों की मदद से रेड रोड परेड स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

## 26/26 आतंकी साजिश के बाद हावड़ा स्टेशन पर सुरक्षा अलर्ट कड़ा



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा रेलवे स्टेशन पर आज 26 जनवरी के मौके पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। साथ ही, गुप्तचर विभाग द्वारा 26/26 को संभावित आतंकी हमले की घटना उजागर होने के बाद पूरे देश में सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया है। इसी के तहत, हावड़ा स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी के संयुक्त अभियान में यात्रियों के बैग और गतिविधियों पर सघन निगरानी रखी जा रही है। स्टेशन में प्रवेश करने वाले वाहनों की भी तलाशी ली जा रही है। मेटल डिटेक्टर की मदद से सामान और वाहनों की जांच की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत रोका जा सके।

# एसआईआर का विरोध करना संविधान के खिलाफ : दिलीप घोष

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता दिलीप घोष ने एसआईआर के मुद्दे पर राज्य की ममता सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। लेकिन, प्रदेश की सरकार एसआईआर का विरोध कर संविधान के खिलाफ काम कर रही है। भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा कि बंगाल में एसआईआर शुरू होने से पहले ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने डीएम, एसडीओ, और बीडीओ को सीधे निर्देश दिया था कि एक भी नाम नहीं हटाया जाना चाहिए। इसका मतलब साफ है कि जो नकली नाम उन्होंने जोड़े थे, वे वैसे ही बने रहें। उनके भतीजे ने भी कहा था कि चाहे कुछ भी हो जाए, प्रक्रिया उनके अपने तरीके से ही



चलनी चाहिए। आज भी वे सीधे धमकी दे रहे हैं। जो बीएलओ बूथ लेवल पर यह काम कर रहे हैं, उनके खिलाफ रातों-रात यूनियन बनाई जा रही है और विरोध प्रदर्शन करवाए जा रहे हैं। यह देश और संविधान के खिलाफ काम है। चुनाव आयोग के अधिकारियों पर हुए हमलों पर दिलीप घोष ने कहा कि ममता राज में बंगाली खुद सुरक्षित नहीं हैं और राज्य में सत्ताधारी पार्टी एक दिन भी सत्ता में रहने लायक नहीं है। हमने पहले ही यह सब सहा है। 250 से ज्यादा लोगों की राजनीतिक हत्या हो चुकी है। चुनाव से पहले ही झड़पें शुरू हो गई हैं। उनके विधायक और नेता सीधे चुनाव आयोग के दफ्तरों में अराजकता फैला रहे हैं। चुनाव आयोग को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। भाजपा नेता ने कहा कि अभी बंगाल में हालात ऐसे हैं कि बंगाल और बांग्लादेश में कोई फर्क नहीं रह गया है। हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं। यहां गांवों और जिलों में हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं, पूजा की इजाजत नहीं दी जा रही है। सरस्वती पूजा में हंगामा किया जाता है और दुर्गा पूजा के लिए कोर्ट से इजाजत लेनी पड़ती है। बांग्लादेश में भी हिंदुओं को डराया जा रहा है और उनकी जान खतरे में है।

### हल्दिया-मेचेदा हाईवे पर बस दुर्घटना



**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के हल्दिया-मेचेदा राज्य राजमार्ग पर रविवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। यात्रियों से भरी एक निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस घटना के समय बस में कुल 40 यात्री सवार थे, जो सौभाग्य से सुरक्षित बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 7:30 बजे बस मेचेदा से हल्दिया की ओर जा रही थी। सुताहाटा थाना क्षेत्र में अचानक चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस पलटते हुए खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस की गति कम होने के कारण कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई और न ही किसी के हताहत होने की सूचना है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचकर सहायता करते हुए सबको निकालना शुरू किया। सूचना मिलने पर सुताहाटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस ने बस में फंसे सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला। इस दुर्घटना के कारण राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, पुलिस ने क्रेन की मदद से बस हटवाकर सामान्य कराया। पुलिस के प्राथमिक अनुमान के अनुसार, दुर्घटना किसी यांत्रिक खराबी के कारण हुई है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## सियालदह मंडल में गणतंत्र दिवस 2026 के मौके पर मेगा स्वच्छता अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर मंडल स्तर पर एक विशेष मेगा स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य रेलवे परिसरों को स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक बनाकर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वच्छता अभियान के तहत सियालदह स्टेशन सहित मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों के प्रत्येक हिस्से की गहन सफाई की जा रही है। यात्रियों की अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों, विशेषकर टिकट काउंटर और टिकटिंग हॉल पर विशेष ध्यान दिया गया है। इन क्षेत्रों की डीप क्लीनिंग कर उन्हें सुव्यवस्थित बनाया गया, ताकि यात्रियों को टिकट खरीदते समय किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्टेशन के मुख्य कॉन्कोर्स क्षेत्रों को पूरी तरह से सैनिटाइज कर स्वच्छ एवं आकर्षक रूप दिया गया है। इसके साथ ही प्लेटफॉर्मों की हाई-प्रेशर वॉशिंग की गई तथा पटरियों से कचरा हटाने के लिए व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। यात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी पेयजल बूथों और सार्वजनिक उपयोग की सुविधाओं को भी पूरी तरह कीटाणुरहित किया गया। इस अभियान के माध्यम से सियालदह मंडल स्वच्छ भारत मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है। मंडल प्रशासन ने कहा कि स्वच्छ और सुव्यवस्थित स्टेशन न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाते हैं, बल्कि शहर और देश की छवि को भी सुदृढ़ करते हैं।

### उल्टाडांगा में सड़क हादसा, बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**कोलकाता :** उल्टाडांगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आर.डी. स्ट्रीट पर पार्क इंस्टीट्यूशन के पास शनिवार दोपहर करीब 1 बजे एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, एक निजी कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में यह हादसा हुआ। घायल की पहचान मोहम्मद अरशद शहाब (45) के रूप में हुई है। वह हेलमेट पहने हुए थे, फिर भी उन्हें कई जगह चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। दुर्घटना में शामिल निजी कार और मोटरसाइकिल को पुलिस ने जब्त कर लिया है। साथ ही निजी कार के चालक को भी हिरासत में लिया गया है। उल्टाडांगा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शहीदों के परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है कुशल भारत समूह

### डोडा हादसे में शहीद प्रद्युम्न लोहार के परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों के परिवारों के साथ निरंतर सहयोग करना कुशल भारत समूह की कार्यसंस्कृति का अहम हिस्सा रहा है। समूह ने एक बार फिर यह दोहराया है कि वह संकट की हर घड़ी में शहीद परिवारों के साथ खड़ा रहेगा। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए भीषण हादसे में शहीद झालदा निवासी वीर सपूत प्रद्युम्न लोहार के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कुशल भारत समूह के चेयरमैन नरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि समूह इस दुःख की घड़ी में परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए पश्चिम बंगाल के झालदा निवासी जवान



मनीष रंजन के बच्चों की संपूर्ण शिक्षा का दायित्व भी कुशल भारत समूह ने उठाया था। इस पहल को समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा सराहा गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि शहीदों का बलिदान पूरे राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है और ऐसे परिवारों के साथ खड़ा रहना केवल संवेदना नहीं, बल्कि नैतिक दायित्व है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुशल भारत समूह भविष्य में भी शहीद परिवारों के सम्मान, सहयोग और सशक्तिकरण के लिए सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। कुशल भारत समूह का मानना है कि शहीदों की स्मृति को कर्म और संकल्प के माध्यम से जीवंत रखा जाना चाहिए, जिससे उनके परिवारों को आत्मीय संबल मिल सके।

# पद्म श्री पुरस्कार 2026 : पश्चिम बंगाल के 11 सम्मानित, 19 महिला पुरस्कारार्थियों में एक बंगाल से



डॉ. सरोज मंडल




गंभीर सिंह योनजोन



ज्योतिष देबनाथ



महेन्द्र नाथ रॉय



प्रोसेनजीत



रबीलाल टुडू



अशोक हलदर




तरुण भट्टाचार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** वर्ष 2026 के लिए 113 पद्म श्री पुरस्कार विजेताओं में से 11 पश्चिम बंगाल से हैं, जबकि 19 महिला पद्म श्री पुरस्कारार्थियों में केवल एक महिला पश्चिम बंगाल से है। पश्चिम बंगाल से प्रमुख पद्म श्री पुरस्कार विजेताओं में प्रसिद्ध अभिनेता एवं निर्माता प्रोसेनजीत चटर्जी, सुप्रसिद्ध तबला वादक एवं भारतीय शास्त्रीय संगीत के संगीतकार कुमार बोस तथा प्रख्यात संतूर वादक पं. तरुण भट्टाचार्य शामिल हैं, जिन्होंने संतूर की शीघ्र ट्यूनिंग के लिए 'मंकास' (फाइन ट्यूनर) का आविष्कार किया। राज्य के अन्य सम्मानित व्यक्तियों में मालदह के वरिष्ठ लेखक व शिक्षाविद् अशोक कुमार हालदार शामिल हैं, जिन्होंने 2500 से



कुमार बोस



हरि माधव मुखोपाध्याय

अधिक लेख लिखे तथा जिनकी पुस्तक 'रिमूव द डार्क टू अवेक अप द लाइट ऑफ नॉलेज' को राष्ट्रपति द्वारा मान्यता मिली। दार्जिलिंग हिल्स क्षेत्र के साहित्यकार, शिक्षाविद् व समाजसेवी गंभीर सिंह योंजोन को भी पद्म श्री मिला है, जिन्होंने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और पिछड़े क्षेत्रों के उत्थान में उल्लेखनीय योगदान दिया। उत्तर बंगाल के प्रख्यात रंगकर्मी हरि माधव मुख-ोपाध्याय को मरणोपरांत पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। पूर्व बर्दवान जिले के कालना निवासी ज्योतिष देबनाथ, जो हाथ से काते सूत से बनी महीन मलमल जामदानी बुनाई के लिए प्रसिद्ध हैं, को भी यह सम्मान मिला। दार्जिलिंग जिले के माटीगाड़ा निवासी, अलीपुरद्वार विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति एवं प्रख्यात रसायनशास्त्री डॉ. महेंद्र नाथ रॉय, संथाली भाषा के लेखक एवं 2015 के साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता राबिलाल टुडू, कोलकाता के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सरोज मंडल तथा बीरभूम की प्रसिद्ध कंथा कढ़ाई कलाकार तृप्ति मुखर्जी, जिन्होंने 20 हजार से अधिक महिलाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर सशक्त किया, भी पद्म श्री से सम्मानित हुए हैं। इन सभी विभूतियों को उनके-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट यो-गदान के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया है।

# वीरता पुरस्कार 2026: शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र

## तीन कीर्ति चक्र और 13 शौर्य चक्र की घोषणा




**नई दिल्ली :** 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2026 के लिए वीरता पुरस्कारों की घोषणा की। इस वर्ष कुल 70 सशस्त्र बल कर्मियों को वीरता सम्मान प्रदान किए जाएंगे, जिनमें छह को मरणोपरांत यह सम्मान मिलेगा। सूची में एक अशोक चक्र, तीन कीर्ति चक्र, 13 शौर्य चक्र (जिसमें एक मरणोपरांत), एक बार टू सेना मेडल (वीरता) और 44 सेना मेडल (वीरता) शामिल हैं। इस वर्ष का सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार अशोक चक्र अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को प्रदान किया जाएगा। शुभांशु शुक्ला इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने जून 2025 में एक्सिओम-4 मिशन के तहत 18 दिनों की अंतरिक्ष यात्रा की। वे 1984 में राकेश शर्मा की ऐतिहासिक उड़ान के 41 वर्ष बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। एक फाइटर पायलट के रूप में उनके पास सु-30 एमकेआई, मिग-21, मिग-29, जैगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे विमानों में 2000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। तीन जवानों को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया जाएगा। इनमें असम राइफल्स के मेजर अर्शदीप सिंह, पैराशूट रेजिमेंट (स्पेशल फोर्सेज) के नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर शामिल हैं। मेजर अर्शदीप सिंह ने भारत-म्यांमार सीमा पर आतंकवादियों के खिलाफ साहसिक अभियान का नेतृत्व किया, जबकि नायब सूबेदार सुब्बा ने किश्तवाड़ जिले में मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया। इसके अलावा 13 जवानों को शौर्य चक्र प्रदान किया जाएगा। इसी अवसर पर दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को उत्तम युद्ध सेवा मेडल और चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किए जाने की भी घोषणा की गई है। इन वीरों के अदम्य साहस और राष्ट्रसेवा को देश नमन करता है।

### सीबीआई के 31 अधिकारी पुलिस पदक से सम्मानित

**कोलकाता से जुड़े मामलों की प्रभावी और समयबद्ध जांच के लिए सीबीआई अधिकारियों की सराहना**

कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज में एक चिकित्सक से बलात्कार एवं उसकी हत्या के मामले तथा सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के मामले की जांच की निगरानी करने वाले सीबीआई अधिकारी उन 31 केंद्रीय एजेंसी कर्मियों में शामिल हैं जिन्हें 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस पदक के लिए चुना गया है। सरकार द्वारा रविवार को जारी सूची के अनुसार, गुजरात काडर के 2000 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी चंद्रशेखर को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक प्रदान किया गया है। अधिकारी ने अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से हुए बलात्कार और उसकी हत्या के मामले की जांच की निगरानी एजेंसी में संयुक्त निदेशक के तौर पर की थी। इस जांच के परिणामस्वरूप आरोपपत्र दाखिल किए जाने के कुछ महीनों के भीतर मामले में मुख्य आरोपी की दोषसिद्धि हुई। पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश शर्मा, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यति, सहायक उपनिरीक्षक चमन लाल और हेड कांस्टेबल रामू गोला को भी विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक प्रदान किया गया है। एजेंसी के 25 अधिकारियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक प्रदान किया गया है। इनमें एजेंसी में संयुक्त निदेशक के रूप में कार्यरत 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी सी. वी. सुब्बा रेड्डी और उनके बैच में उनके साथी रहे सदानंद शकरराव दाते शामिल हैं। दाते एजेंसी के डीआईजी पद पर सेवाएं देने के बाद उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय में महानिरीक्षक के रूप में अपने काडर में शामिल हुए। आर्थिक अपराध शाखा (ईओबी) में तैनाती के दौरान दाते ने जूम डेवलपर ग्रुप, पारेख एल्युमिनेक्स लिमिटेड और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से जुड़े विद्यावासिनी समूह के कथित बैंक धोखाधड़ी मामलों के अलावा एमसीएक्स-एसएक्स मामले एवं एनटीसी मामले की जांच की। अधिकारी ने एजेंसी की विशेष अपराध, विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), मुंबई इकाइयों में भी सेवा दी। उन्होंने नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड की भी जांच संभाली। उप विधि सलाहकार मनमोहन शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैद्यनाथ सामल और कैलाश साहू, उप पुलिस अधीक्षक रूबी चौधरी, मनीष कुमार उपाध्याय, अनमोल सचान, निशु कुशवाहा, अरिजीत सिन्हा, शरद सुरेश भावर, ताहिर अब्बास पी और धर्मेंद्र कुमार उन लोगों में शामिल हैं, जिन्हें उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदक (पीएमएमएस) से सम्मानित किया गया है। निरीक्षक धर्मेंद्र, प्रोग्रामर दीप्ति वशिष्ठ, सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) विनोद कुमार, ऑफिसर सुपरिंटेंडेंट नारिकोटे नंदिनी, हेड कांस्टेबल नेतराम चौरसिया, पूरन मल गुज्जर, भोला रॉय, बाबू वर्गीज और विक्रम सिंह तथा कांस्टेबल संजीव कुमार, वैखोम राजेश सिंह और रूपेंद्र कुमार को भी पीएमएमएस से सम्मानित किया गया है।

## प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं, 'माय भारत' पदयात्रा का शुभारंभ



**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए युवाओं की भूमिका को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने 'माय भारत' नामक राष्ट्रव्यापी पदयात्रा का शुभारंभ किया और युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने 'माय भारत' स्वयंसेवकों को लिखे पत्र में कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए कर दिखाने की भावना जरूरी है। उन्होंने युवाओं से 'माय भारत' पोर्टल पर पंजीकरण करने का अनुरोध करते हुए कहा कि बदलाव का इंतजार करने के बजाय परिणामों को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाना ही सशक्त नागरिकता का प्रतीक है। 1951 में पहले आम चुनाव के 75 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने चुनावी प्रक्रिया को लोकतंत्र का उत्सव बताया और भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र तथा लोकतंत्र की जननी कहा। प्रधानमंत्री ने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा, मतदाता लोकतंत्र की आत्मा हैं। मतदान एक पवित्र संवैधानिक अधिकार और नागरिक कर्तव्य है। मतदाता हमारी विकास यात्रा के भाग्य विधाता हैं। उंगली पर लगी अमिट स्याही हमारे लोकतंत्र के सम्मान का प्रतीक है। अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में भी उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि गंभीर नागरिक दायित्व है। प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरित होकर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 'माय भारत' के स्वयंसेवक पहली बार मतदान करने वालों की लोकतांत्रिक यात्रा को राष्ट्रीय उत्सव में बदलेंगे। उन्होंने इस अभियान को पहला वोट, पहली जिम्मेदारी, पहला गौरव की संज्ञा दी। इस अवसर पर युवाओं से लोकतंत्र को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लेने का आह्वान किया गया।

### भारतीय उत्पाद उच्च गुणवत्ता के पर्याय होने चाहिए : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्योग जगत एवं स्टार्टअप से गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने तथा विनिर्माण में उत्कृष्टता को एक मानदंड बनाने का संकल्प लेने का रविवार को आग्रह किया। मोदी ने रेडियो पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि भारतीय उत्पाद उच्च गुणवत्ता के पर्याय होने चाहिए। उन्होंने उद्योग जगत से ऐसे उत्पादों का निर्माण करने का आग्रह किया जिनमें किसी प्रकार की कमी नहीं हो। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 130वें 'मन की बात' संबोधन में कहा, ''हम जो कुछ भी निर्मित करते हैं, आइए, उसकी गुणवत्ता में सुधार करने का संकल्प लें। चाहे वह हमारे वस्त्र हों, प्रौद्योगिकी हो, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हों या पैकेजिंग, हर भारतीय उत्पाद 'सर्वोत्तम गुणवत्ता' का पर्याय होना चाहिए।'' उन्होंने उन युवाओं के प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने 10 साल पहले 2016 में शुरू हुई भारत की स्टार्टअप यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मोदी ने कहा, ''आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेशी तंत्र बन गया है। ये स्टार्टअप ढर्रे से हटकर काम कर रहे हैं; ये उन क्षेत्रों में काम कर रहे हैं जिनकी कल्पना भी 10 साल पहले तक नहीं की जा सकती थी।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय स्टार्टअप कंपनियां एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, परिवहन एवं आवागमन, हरित हाइड्रोजन और जैव प्रौद्योगिकी जैसे विविध क्षेत्रों में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''आप किसी भी क्षेत्र का नाम लीजिए और आपको उस क्षेत्र में काम करने वाला कोई न कोई भारतीय स्टार्टअप मिल जाएगा। मैं अपने उन सभी युवा मित्रों को सलाम करता हूं जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### ईडी ने गोवा के नाइट क्लब से अर्जित 22 करोड़ रुपये की कमाई को अपराध की आय बताया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कहा कि गोवा में 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब का संचालन करने वाली संस्था ने पिछले दो वित्तीय वर्षों में लगभग 22 करोड़ रुपये की कमाई की और इस रकम के धन शोधन रोधी कानून के तहत अपराध की आय होने का संदेह है। अरपोरा गांव स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' में पिछले साल छह दिसंबर को एक डांस पार्टी के दौरान लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी और 50 अन्य घायल हुए थे। ईडी के मुताबिक, नाइट क्लब से हुई कमाई के अपराध की आय होने का संदेह है, क्योंकि इसका कथित तौर पर बिना लाइसेंस के संचालन किया जा रहा था।

### मशहूर उड़िया गायक अभिजीत मजूमदार का निधन

**भुवनेश्वर :** मशहूर उड़िया संगीतकार और गायक अभिजीत मजूमदार का रविवार को एम्स भुवनेश्वर में इलाज के दौरान निधन हो गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वह 54 वर्ष के थे। मजूमदार को पिछले वर्ष चार सितंबर को उच्च रक्तचाप, हाइपोथायरॉयडिज्म और लिवर की पुरानी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भुवनेश्वर द्वारा जारी बयान के अनुसार, आईसीयू में लंबे समय तक इलाज के बाद 10 नवंबर को उन्हें उपचार के लिए मेडिसिन वार्ड में स्थानांतरित किया गया था।

### पाक में बैठे आतंकी शहजाद भट्टी के साथ संबंधों को लेकर जम्मू निवासी व्यक्ति गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी शहजाद भट्टी के साथ संबंध के आरोप में जम्मू-कश्मीर निवासी एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान जम्मू निवासी रमण कुमार उर्फ गोलू के तौर पर हुई है और उसे पंजाब पुलिस के 'राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ' ने पकड़ा है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने 'एक्स' पर बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता, एसएएस नगर के अभियान प्रकोष्ठ ने जम्मू निवासी रमण कुमार उर्फ गोली को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि रमण कुमार पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी शहजाद भट्टी का अहम सहयोगी है और उसके पास से .30 बोर की एक पिस्तौल मिली है। डीजीपी के मुताबिक, आरोपी 'इंस्टाग्राम' व 'व्हाट्सऐप' के जरिए सीधे भट्टी के संपर्क में था और अंबाला थाना विस्फोट मामले में शामिल था।

## तमिलनाडु में हिंदी के लिए न तब कोई जगह थी, न अब है और न कभी होगी: स्टालिन

**चेन्नई :** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने अतीत में हिंदी-विरोधी आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले राज्य के ''भाषा शहीदों'' की रविवार को सराहना करते हुए कहा कि यहां हिंदी के लिए ''कोई जगह'' नहीं है। स्टालिन ने 'भाषा शहीद दिवस' के अवसर पर कहा, ''राज्य ने अपनी भाषा से अपने जीवन की तरह प्रेम किया, उसने हिंदी थोपे जाने के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष किया और जब-जब इसे थोपा गया, तब-तब उसी तीव्रता से इसका विरोध किया गया।'' द्रमुक प्रमुख ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''भाषा शहीद दिवस- तमिलनाडु में हिंदी के लिए न तब कोई जगह थी, न अब है और न कभी होगी।'' उन्होंने 1965 में चरम पर पहुंचे हिंदी-विरोधी आंदोलन से जुड़े इतिहास का एक संक्षिप्त वीडियो साझा किया। वीडियो में ''शहीदों'' के साथ-साथ भाषा



मुद्दे पर दिवंगत द्रमुक नेताओं सी. एन. अन्नादुरई और एम. करुणानिधि के योगदान का भी उल्लेख किया गया। स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु ने हिंदी-विरोधी आंदोलन का नेतृत्व कर ''उपमहाद्वीप में विभिन्न भाषाई राष्ट्रीय समूहों के अधिकार और पहचान की रक्षा की।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने तमिल भाषा के लिए अपने अनमोल प्राण दिए। भाषा युद्ध में अब और कोई जान नहीं जाएगी, तमिल के लिए हमारा प्रेम कभी नहीं मरेगा। हम हिंदी थोपे जाने का हमेशा विरोध करेंगे।''

## नौशेरा से कर्तव्य पथ तक- सीआरपीएफ अधिकारी सिमरन बाला की प्रेरणादायक यात्रा

**राजौरी/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा से कुछ ही किलोमीटर दूर स्थित राजौरी के लोग इस गणतंत्र दिवस पर एक विशेष उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए उत्सुक हैं। जिले के एक सीमावर्ती गांव की रहने वाली सिमरन बाला 26 जनवरी को दिल्ली में कर्तव्य पथ पर सीआरपीएफ की एक पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 26 वर्षीय सहायक कमांडेंट जिले की पहली महिला हैं जिन्होंने देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल में अधिकारी रैंक में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया है। उनके परिवार ने इस पल को अपार गर्व का क्षण बताया और कहा कि बाला की उपलब्धि ने न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है और सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं, खासकर लड़कियों के लिए प्रेरणा है। उनकी बहन शैल बाला ने कहा, नौशेरा के सीमावर्ती गांव से कर्तव्य पथ तक का उनका सफर



चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन उन्होंने हम सभी को गौरवान्वित किया है। नौशेरा सेक्टर के उनके गांव में रिश्तेदार और शुभचिंतक परेड से पहले परिवार को बधाई देने के लिए उनके घर आ रहे हैं। हालांकि ऐसे उदाहरण हैं जब सीआरपीएफ की महिला अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस के विभिन्न दलों का नेतृत्व किया है, लेकिन यह पहली बार है कि कोई महिला अधिकारी वार्षिक राष्ट्रीय आयोजन के दौरान 140 से अधिक पुरुष कर्मियों के दल की कमान संभालेगी। सिमरन बाला के माता-पिता और परिवार के सदस्य उन्हें सीआरपीएफ टुकड़ी का नेतृत्व करते देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसे एक ऐसा क्षण बता रहे हैं जिसकी उन्होंने हमेशा उम्मीद की थी लेकिन कभी सोचा नहीं था कि यह सच होगा। बाला के पिता विनोद चौधरी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, एक अभिभावक के तौर पर यह मेरे लिए गर्व का दिन है। बाला की यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत और लगन का नतीजा है। सीमा के पास रहने से भी उसका हौसला नहीं टूटा; उसने अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिन-रात मेहनत की। उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो यह साबित करती है कि दृढ़ता और कड़ी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। चौधरी ने कहा, वह परिवार की तीसरी पीढ़ी हैं जिन्होंने सुरक्षा बल में शामिल होकर राष्ट्र की सेवा की है, और उनकी उपलब्धि दूसरों को भी इसी राह पर चलने के लिए प्रेरित करेगी।

### पद्म पुरस्कारों की घोषणा.... पृष्ठ 1 का शृषांश

**पद्म विभूषण (5)**

धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत) कला (महाराष्ट्र)
के. टी. थॉमस- लोक कार्य (केरल)
एन. राजम -कला (उत्तर प्रदेश)
पी. नारायणन -साहित्य एवं शिक्षा (केरल)
वी. एस. अच्युतानंदन (मरणोपरांत) लोक कार्य (केरल)

पद्म भूषण पाने वालों में प्रसिद्ध पार्श्व गायिका अलका याग्निक, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, मशहूर अभिनेता मम्मूटी और उद्योगपति-बैंकर उदय कोटक प्रमुख हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक विज्ञापन जगत के दिग्गज पीयूष पांडे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन और भाजपा नेता वी. के. मल्होत्रा को भी पद्म भूषण दिया गया है।

वहीं अभिनेता और हास्य कलाकार सतीश शाह को पद्म श्री से मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। टेनिस जगत के दिग्गज विजय अमृतराज को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। वहीं क्रिकेटर रोहित शर्मा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और हॉकी खिलाड़ी सविता पुनिया को पद्म श्री प्रदान किया जाएगा।

इसके अलावा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एम. जगदीश कुमार, प्रसार भारती के पूर्व सीईओ शशि शेखर वेम्पति तथा अभिनेता आर. माधवन और प्रोसेनजीत चटर्जी भी पद्म श्री से सम्मानित होने वालों में शामिल हैं।

**पद्म भूषण (13)**

पद्म भूषण से सम्मानित होने वालों में कला, चिकित्सा, लोक कार्य, सामाजिक कार्य, व्यापार और खेल जगत की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हैं। प्रमुख नाम इस प्रकार हैं-

अल्का याज्ञनिक- कला (महाराष्ट्र)
भगत सिंह कोश्यारी- लोक कार्य (उत्तराखंड)
डॉ. कालीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी- चिकित्सा (तमिलनाडु)
मम्मूटी- कला (केरल)
डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु- चिकित्सा (संयुक्त राज्य अमेरिका)
पीयूष पांडे (मरणोपरांत)- कला (महाराष्ट्र)
एस. के. एम. माइलानंदन- सामाजिक कार्य (तमिलनाडु)
शतावधानी आर. गणेश- कला (कर्नाटक)
शिबू सोरेन (मरणोपरांत)- लोक कार्य (झारखंड)
उदय कोटक-व्यापार एवं उद्योग (महाराष्ट्र)
वी. के. मल्होत्रा (मरणोपरांत)- लोक कार्य (दिल्ली)
वेल्लापल्ली नटेशन- लोक कार्य (केरल)
विजय अमृतराज- खेल (संयुक्त राज्य अमेरिका)

मालूम हो कि पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक हैं, जो तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं। जिनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री होता है। बता दें कि पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है, जबकि पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है।

## आरेडिका के जीएम प्रशांत कुमार मिश्रा की पुस्तक का यूनिवर्सल बुक सेलर्स पर विमोचन



**लखनऊ :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली एवं रेल कोच फैक्टरी कपूरथला के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा द्वारा लिखित पुस्तक रेल थ्रु राज : द ईस्ट इंडियन रेलवे (1841-1861) का भव्य विमोचन यूनिवर्सल बुक सेलर्स, गोमती नगर में आयोजित समारोह में किया गया। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पुस्तक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर लेखक प्रशांत कुमार मिश्रा के साथ मानव प्रकाश, गौरव प्रकाश, चंद्र प्रकाश और आलोक जौहरी भी मंचासीन रहे। प्रशांत कुमार मिश्रा भारतीय रेल यांत्रिक अभियंता सेवा के वरिष्ठ अधिकारी होने के साथ-साथ रेल विरासत के संरक्षक, पर्यावरणविद, रेलवे इतिहासकार और लेखक भी हैं। इससे पहले उनकी चर्चित कृतियाँ द हाईवे ऑफ हिंदोस्तान - द ईस्ट इंडियन रेलवे (1841-1871) और ट्रैक्स ऑफ नेसेसिटी - रेलवे, फेमाइन एंड एम्पायर इन डेक्कन प्रकाशित हो चुकी हैं। नई पुस्तक के 13 अध्यायों में 1841 से 1861 के कालखंड में ईस्ट इंडियन रेलवे के गठन, निवेशकों के जोखिम, नियम-अधिनियमों, 1853 में चली पहली रेल तथा लॉर्ड डलहौजी और लॉर्ड कैनिंग की भूमिका का विस्तृत वर्णन किया गया है। साथ ही मुंबई, कलकत्ता, रानीगंज, राजमहल, भागलपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में रेलवे के विस्तार, ट्रैक निर्माण में आई चुनौतियों और 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में रेल की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया है। कार्यक्रम में देश के प्रमुख समाचार पत्रों और मीडिया संस्थानों के संपादक व वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य आलोक जौहरी सहित अनेक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी समारोह में शामिल हुए। लेखकीय संवाद का संचालन वरिष्ठ पत्रकार नंदिनी और प्रवक्ता डॉ. सुशील पांडे ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन अस्थानंद पाठक ने किया।

## ईडी ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप विनज़ो के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

### 734 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कहा कि उसने ऑनलाइन गेमिंग ऐप विनज़ो और इसके प्रवर्तकों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कंपनी द्वारा गेम के एल्गोरिदम में हेरफेर करने के लिए 'बॉट्स' और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल किए जाने के कारण उपयोगकर्ताओं ने 734 करोड़ रुपये गंवा दिए। आधिकारिक बयान के अनुसार, ईडी के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय ने 23 जनवरी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामलों की सुनवाई के लिए निर्दिष्ट स्थानीय अदालत में शिकायत दायर की। विनज़ो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, इसके निदेशक - पवन नंदा और सौम्या सिंह राठौर - तथा इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां, जिनमें विदेश स्थित कंपनियां भी शामिल हैं, जैसे विनज़ो यूएस इंक, विनज़ो एसजी प्राइवेट लिमिटेड और ज़ेडओ प्राइवेट लिमिटेड, को आरोपपत्र में आरोपी के रूप में नामजद किया गया है। ईडी ने बताया कि विनज़ो अपने मोबाइल ऐप्लिकेशन के माध्यम से 100 से अधिक गेम संचालित करता था और दावा किया जाता था कि इसके लगभग 25 करोड़ उपयोगकर्ता थे, जिनमें से अधिकतर छोटे शहरों से थे।

### लोग वायु प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य के रूप में बहुत भारी कीमत चुका रहे हैं: राहुल गांधी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि वायु प्रदूषण की वजह से लोगों को स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा खामियाजा बच्चे और बुजुर्ग भुगत रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लोगों से वायु प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह किया।

## गणतंत्र दिवस परेड में अपनी सैन्य शक्ति और विकास यात्रा प्रदर्शित करेगा भारत

**नयी दिल्ली :** भारत सोमवार को 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में अपनी विकास यात्रा, सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करेगा। इस दौरान हाल ही में गठित सैन्य इकाइयों के साथ-साथ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तैनात प्रमुख हथियार प्रणालियों के मॉडल भी प्रदर्शित किए जाएंगे। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह का थीम 'वंदे मातरम के 150 वर्ष' है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस समारोह की अगुवाई करेंगी, जो सुबह 10:30 बजे शुरू होगा और लगभग 90 मिनट तक चलेगा। समारोह की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाने से



होगी जहां वह शहीदों को पूरे राष्ट्र की ओर से श्रद्धांजलि देने के लिए पुष्पचक्र अर्पित करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्य अतिथियों के 'पारंपरिक बग्गी' में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रपति मुर्मू के साथ उनके अंगरक्षक भी होंगे जो उन्हें सुरक्षा प्रदान करेंगे। करीब 100 सांस्कृतिक कलाकार परेड की शुरुआत करेंगे, जिसका विषय 'विविधता में एकता' होगा। यह परेड संगीतमय वाद्यों का भव्य प्रदर्शन होगी जो देश की एकता और समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करेगी। 129 हेलीकॉप्टर यूनिट के ध्वज फॉर्मेशन में चार एमआई-17 चार हेलीकॉप्टर पुष्प वर्षा करेंगे। इसके बाद परेड की शुरुआत होगी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सलामी लेंगी। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल भावनिश कुमार, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, दिल्ली एरिया करेंगे, जो दूसरे पीढ़ी के अधिकारी हैं। सर्वोच्च वीरता पुरस्कारों के गौरवशाली विजेता भी इसमें शामिल होंगे। इस दल में परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर (मानद कैप्टन) योगेंद्र सिंह यादव (सेवानिवृत्त) और सूबेदार मेजर संजय कुमार शामिल होंगे। अशोक चक्र विजेता मेजर जनरल सी. ए. पिथावालिया (सेवानिवृत्त) और कर्नल डी. श्रीराम कुमार भी दल का हिस्सा होंगे। परेड में यूरोपीय संघ (ईयू) की एक छोटी सैन्य टुकड़ी भी शामिल होगी। पहली बार, परेड में भारतीय सेना का चरणबद्ध 'बैटल ऐरे फॉर्मेट' प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें हवाई घटक भी शामिल होगा। इसमें एक उच्च गतिशीलता वाला टोही वाहन और भारत का पहला स्वदेश निर्मित बख्तरबंद हल्का विशेष वाहन शामिल होगा।


## प्रलोभन और पूर्वाग्रह से दूर रहें; मतदान करते समय विवेक का प्रयोग करें: राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय लोग अपने विवेक के आधार पर और प्रलोभन, पूर्वाग्रह तथा गलत सूचनाओं से दूर रहकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिससे देश की चुनावी प्रणाली मजबूत होगी। उन्होंने चुनाव में बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए आगे आने वाली महिलाओं की भी सराहना की। दिल्ली में आयोजित 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि मतदान का अधिकार महत्वपूर्ण है, लेकिन यह भी अनिवार्य है कि सभी नागरिक अपने संवैधानिक कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए इसका इस्तेमाल करें। निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस को पिछले 16 वर्षों से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में



मनाया जाता रहा है। संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को जब भारतीय संविधान को अपनाया तो इसके 16 अनुच्छेद तुरंत प्रभाव से लागू हो गए। इनमें से एक अनुच्छेद निर्वाचन आयोग के गठन से संबंधित था। भारत के गणतंत्र बनने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को निर्वाचन आयोग अस्तित्व में आया। संविधान का शेष भाग 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। उन्होंने रेखांकित किया कि सबसे बुजुर्ग मतदाता, दिव्यांग मतदाता और दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोग भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। मुर्मू ने कहा कि जन-भागीदारी जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की भावना को व्यावहारिक रूप देती है। उन्होंने उल्लेख किया कि निर्वाचन आयोग ने यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई प्रयास किए हैं कि ''कोई भी मतदाता पीछे न छूट जाए''। राष्ट्रपति ने कहा कि मतदान केवल एक राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों के विश्वास का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह नागरिकों के लिए अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त करने का एक माध्यम भी है।

# अभिषेक और सूर्यकुमार का धमाका, भारत ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर जीती श्रृंखला






**गुवाहाटी :** गुवाहाटी, 25 जनवरी। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर भारत ने रविवार को यहां खेले गए तीसरे टी–20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3–0 की अजेय बढ़त बना ली। मात्र 10 ओवर में लक्ष्य हासिल कर भारतीय टीम ने न सिर्फ मुकाबला एकतरफा बनाया, बल्कि घरेलू मैदान पर अपनी मजबूत पकड़ भी साबित की।न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 153 रन बनाए। भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव का यह निर्णय पूरी तरह सही साबित हुआ। पहले ही ओवर में हार्दिक पंड्या ने डेवोन कॉनवे को आउट कर मेहमान टीम को झटका दिया। इसके बाद उन्होंने अपने अगले ओवर में रचिन रविंद्र को भी पवेलियन भेजा। पावरप्ले में न्यूजीलैंड ने 34 रन पर तीन विकेट गंवा दिए और बैकफुट पर आ गया।जसप्रीत बुमराह ने शानदार लय में गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में केवल 17 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उन्होंने टिम सिफर्ट को बोल्ड कर अपनी धार का परिचय दिया। लंबे समय बाद टीम में लौटे रवि बिश्नोई ने भी मौके का पूरा फायदा उठाया और चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट हासिल किए। बीच के ओवरों में बिश्नोई और हार्दिक की कसी हुई गेंदबाजी के कारण न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रन गति नहीं बढ़ा सके। ग्लेन फिलिप्स ने 48 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, जबकि मार्क चैपमैन ने 32 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज टिक नहीं सके और पूरी टीम 153 रन पर सिमट गई।लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत हालांकि खराब रही और संजू सैमसन पहली ही गेंद पर आउट हो गए। लेकिन इसके बाद अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने आक्रामक अंदाज में पारी को संभाला। ईशान ने 13 गेंद में 28 रन बनाए और एक ही ओवर में मैट हेनरी की गेंदों पर दो छक्के और एक चौका जड़ा। हालांकि वह जल्दी आउट हो गए, लेकिन तब तक रन गति पूरी तरह भारत के पक्ष में आ चुकी थी।इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव क्रीज पर आए और अभिषेक शर्मा के साथ मिलकर न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। अभिषेक ने सिर्फ 14 गेंद में अर्धशतक पूरा कर भारत की ओर से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ने का गौरव हासिल किया। उन्होंने युवराज सिंह के 12 गेंद के रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंचते हुए 20 गेंद में सात चौके और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 68 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार ने भी अपने ट्रेडमार्क स्कूप और फ्लिक शॉट्स से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और 26 गेंद में छह चौके व तीन छक्कों की मदद से नाबाद 57 रन जड़ दिए।दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए महज 40 गेंद में 102 रन की अटूट साझेदारी की और भारत को 10 ओवर में ही जीत दिला दी। पावरप्ले में भारत का स्कोर 94 रन रहा, जो टी–20 अंतरराष्ट्रीय में उसके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में शामिल है। इस तरह भारत ने आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज कर श्रृंखला अपने नाम कर ली।इस जीत के साथ भारतीय टीम ने श्रृंखला में 3–0 की अजेय बढ़त बना ली है।

